RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 183 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 24 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

### 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू

# लोकतंत्र पर 25 जून को लगा था काला धब्बा : प्रधानमंत्री

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल पर कांग्रेस को घेरा, नये सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो गया। सत्र के शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने संसद भवन परिसर में कहा कि संसदीय लोकतंत्र में आज का दिन गौरव मय है, यह वैभव का दिन है। आजादी के बाद पहली बार हमारे अपने नए संसद में यह शपथ हो रहा है, अब तक ये प्रक्रिया पुराने संसद में होती थी। आज के इस महत्वपूर्ण दिन पर मैं सभी नव निर्वाचित सांसदों का स्वागत करता हूं सबका अभिनंदन करता हूं और सबको शुभकामनाएं देता हूं।

प्रधानमंत्री ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल 25 जून है। 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर लगे उस कलंक के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। भारत की नई पीढ़ी कभी नहीं भूलेगी कि भारत के संविधान को पूरी तरह से नकार दिया गया था, संविधान के हर हिस्से की धज्जियां उड़ा दी गई थीं, देश को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबा दिया गया था।

संसद सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शपथ ली उसके बाद केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, मनोहर लाल खटटर व अन्य सांसदों ने शपथ ली।







## सांसद भर्तृहरि महताब बने प्रोटेम स्पीकर

ओडिशा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद भर्तृहरि महताब ने आज सुबह 18वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई। बता दें, प्रोटेम स्पीकर एक अस्थायी पद है। प्रोटेम स्पीकर की प्राथमिक भूमिका नए सदस्यों को शपथ दिलाना है।

## संसद में पहली बार दिखी इतनी लाल टोपी



18वीं लोकसभा के पहले सत्र के पहले दिन संसद भवन में एक अजब नजारा देखने को मिला। पहली बार संसद भवन में कई सारी लाल टोपियां दिखीं। यह टोपियां उत्तर प्रदेश में 37 सीटें जीतने वाली समाजवादी पार्टी के सांसदों ने पहनी हुई थीं। सभी सपा सांसद सर पर टोपी और गले में लाल गमछा डालकर पहुंचे। सपा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिम्पल यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. रामगोपाल यादव भी इस दौरान मौजूद रहे। सपा के सभी सांसदों ने अपने हाथों में भारतीय संविधान की पुस्तक पकड़ी हुई थी।

## लुहारली टोल पर हंगामा करने वाले किसान नेताओं पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा लुहारली टोल प्लाजा पर जबरन बूम बैरियर हटाकर वाहनों को फ्री निकालने,हंगामा व गाली गलौज करने के आरोप में थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया गया है। टोल प्रबंधन द्वारा किसान नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

रविवार को बुलंदशहर के गोपालपुर गांव के समीप जीटी रोड पर भारतीय किसान यूनियन मंच के कार्यालय का उद्घाटन था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टोल प्लाजा पर डबल टोल शुल्क वसूलने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। भारतीय मंच कार्यकर्ताओं ने इस दौरान तमाम वाहनों को बगैर टोल चुकाये निकलवा दिया। टोल प्लाजा के संपर्क मैनेजर अरिजीत अमिताभ दास गुप्ता ने इस संबंध में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि एक कार चालक ने खुद को यूनियन का कार्यकर्ता बताते हुए वाहन को फ्री में निकलने की बात कही। (शेष पृष्ठ-3 पर)




## ग्रीन बेल्ट में अवैध निर्माण पर रिपोर्ट

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण द्वारा ग्रीन बेल्ट के लिए छोड़ी गई भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के आरोप में थाना सेक्टर 49 में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता द्वारा दर्ज कराया गया है। नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्कल-3 के अवर अभियंता ने पुलिस सेकी शिकायत में बताया कि सैक्टर-48 स्थित मदरहुड अस्पताल के सामने नोएडा प्राधिकरण की भूमि है। यह भूमि ग्रीन बेल्ट के लिए छोड़ी गई है। इस भूमि पर मास्टर जसवंत (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आँखों में स्प्रे कर बदमाशों ने लूटी नगदी

### महिला के गले से झपटमार ने तोड़ी चेन

**नोएडा (चेतना मंच)।** बेखौफ बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया। बदमाश महिला के गले से चेन युवक से मोबाइल फोन व 25 हजार रूपए लूट ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस में तीनों ही घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी वन एवेन्यू अपार्टमेंट में रहने वाली सुजाता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 22 जून की रात को अपनी सोसाइटी के बाहर टहल रही थी। इस दौरान पीछे से आए एक व्यक्ति ने झपट्टा मार कर उनके गले से सोने के चेन झपट ली। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आधी चेन व लॉकेट उसके पास रह गया जबकि आधी चेन को उक्त बदमाश लूट कर फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसी थाना क्षेत्र में पैदल जा रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। युवक ने साहस दिखाते हुए बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े।

वहीं थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 स्थित आईडीबीआई एटीएम से 25000 निकाल कर जा रहे युवक से दो (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 25 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** उड़ीसा व बिहार से गांजा लाकर एनसीआर में सप्लाई करने वाले गिरोह के तीन अंतरर्राज्य गांजा तस्करों को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 24 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गए गांजे की करीब 3 लाख रूपये है। डीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना सेक्टर-24 प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे की टीम ने शिवम मार्केट के पास से तीन अंतरर्राज्य गांजा तस्कर अपूर्व राज पांडे पुत्र राजकिशोर पांडे, ऋषि राज पुत्र प्रमोद कुमार व आयुष गुप्ता पुत्र मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। इनके पास से 24 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी हाल में सेक्टर-62 के बी ब्लॉक में रह रहे हैं। तीनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह उड़ीसा व बिहार से गांजा वीआईपी बैग व अटैची में भरकर लाते हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

### ओएलएक्स पर बाइक बेचने के चक्कर में लगा चूना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ओएलएक्स पर अपनी केटीएम बाइक बेचने का विज्ञापन देना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। बाइक खरीदने आया व्यक्ति बाइक को लेकर रफू चक्कर हो गया। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन सोसाइटी में रहने वाले अमितेश यादव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बाइक बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था। विज्ञापन को देखकर सूरज नामक व्यक्ति ने उनसे फोन कर बाइक खरीदने की इच्छा जताई। 6 जून की रात्रि को सूरज नामक व्यक्ति अकेले ही पैदल उनकी सोसाइटी में आया और बाइक दिखाने का अनुरोध किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)




### मनचलों ने की छेड़खानी दी धमकी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर में दो मनचलों के खिलाफ एक युवती ने छेड़खानी व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी युवक युवती के पड़ोस में ही रहते हैं। कस्बे में रहने वाली रेखा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि करीब 6 दिन पहले पड़ोस में रहने वाले मयंक पुत्र राहुल ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसे पर बात करने का दवाब डालने लगा। उसने जब बात करने से इनकार किया तो मयंक व उसके साथी रोहित ने उसके साथ बदतमीजी करनी शुरू कर दी। मयंक ने धमकी दी कि अगर उसने बात नहीं की तो वह उसे बर्बाद कर देगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### कार में लगी थी डुप्लीकेट चॉबी, चोरी होने से बची

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** डुप्लीकेट चाबी से कार चोरी करने का प्रयास कर रहे चोरों को सफलता नहीं मिली। कार चोरी करने में असफल रहे चोर कार में रखे सामान को चोरी कर फरार हो गए।

बदरपुर नई दिल्ली निवासी अभिषेक गिरी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 22 जून को किसी कार्य से गौर सिटी मॉल आए थे। उन्होंने अपनी कार मॉल के बाहर खड़ी कर दी और परिचित से मिलने चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस आए तो उनकी कार के दरवाजे खुले हुए थे। कार के इग्निशन में डुप्लीकेट चाबी फांसी हुई थी। उन्होंने जब कार की पड़ताल की तो पता चला कि कार में रखे गिटार, क्लैम्प बॉक्स, इंस्ट्रूमेंट, घड़ी व अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। माल के बाहर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लाखों की नगदी व गहने लेकर युवती गायब

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र की एक सोसायटी में रहने वाली युवती अपने घर से करीब 25 लाख रुपए की ज्वैलरी और 12 लाख रुपए की नगदी लेकर चली गई। युवती के पिता ने एक व्यक्ति के खिलाफ उसे बहला-फुसलाकर भाग ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक सोसायटी में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (24 वर्षीय) बेटी की नवीन नामक युवक से दोस्ती थी। नवीन अक्सर उनकी बेटी से पैसे लेता रहता था। उन्होंने अपनी बेटी को पैसे देने से मना किया लेकिन वह बाज नहीं आई। 21 जून को नवीन के (शेष पृष्ठ-3 पर)



## आपातकाल के विरोध में भाजपा कल मनाएगी काला दिवस

**नोएडा (चेतना मंच)।** देश में करीब 49 वर्ष पूर्व कांग्रेस पार्टी द्वारा लागू किए गए आपातकाल के विरोध में भारतीय जनता पार्टी कल काला दिवस मनाएगी। इस मौके पर कल 25 जून (मंगलवार) को शाम करीब 5 बजे सेक्टर-116 स्थित महानगर कार्यालय पर एक बैठक की जाएगी जिसमें आपातकाल के दौरान प्रजातंत्र की हत्या तथा लाखों लोगों को जेल में बंद करने के कारनामों की चर्चा की जाएगी। यह जानकारी भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी है।

महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

बता दें कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू किया था। यह आपातकाल 21 जनवरी 1977 तक लागू था। इसके खिलाफ देशभर में लाखों नेताओं को मीसा कानून के तहत जेल में ठूंस दिया गया था (शेष पृष्ठ-3 पर)




### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर अभियान

## भाजपा का 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज से पौधारोपण अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान 6 जुलाई तक चलेगा। यह जानकारी भाजपा के जिला महामंत्री उमेश त्यागी ने दी है।

श्री त्यागी ने बताया कि 'एक पौधा मां के नाम' से शुरू होने वाले इस आभियान के तहत सभी मंडलों तथा सभी बूथों में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक-एक पौधा लगाएंगे। भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी आज पौधा लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। पौधारोपण का यह अभियान 6 जुलाई तक चलेगा। रोजाना सभी बूथों तथा मंडलों एवं महानगर तथा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक-एक पौधा लगाएंगे।

आज पौधारोपण आभियान में भाजपा के महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के अलावा महामंत्री उमेश त्यागी महामंत्री, गणेश जाटव, मंडल अध्यक्ष पंकज झा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।




## टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर हो जाते थे रफू चक्कर, दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक को लेकर रफू चक्कर होने वाले दो अंतरराज्यीय बदमाशों को थाना फेस-1 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की 8 बाइक बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी ओएलएक्स पर विज्ञापन देखने के बाद बाइक खरीदने के लिए बाइक मालिक से संपर्क करते थे और टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक को लेकर चंपत हो जाते थे।

डीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना फेस-1 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-6 के पास से बाइक सवार दो युवकों को जांच के लिए रोका। पुलिस के मांगने पर दोनों युवक बाइक के कागजात नहीं दिखा पाए। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने कबूल किया कि उक्त बाइक चोरी की है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हर्ष पुत्र सुधीर निवासी दल्लूपुरा व सूरज पुत्र राम सिंह निवासी खोड़ा कॉलोनी बताया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 7 बाइक और बरामद की गई।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ओएलएक्स पर विज्ञापन देखने के बाद बाइक खरीदने के लिए वाहन स्वामियों से संपर्क करते थे। इस दौरान आरोपी टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक को लेकर चंपत हो जाते थे। पकड़े गए सूरज ने 6 जून को थाना बिसरख क्षेत्र में अमितेश यादव से उसकी केटीएम बाइक खरीदने के लिए संपर्क किया था। बाइक खरीदने के लिए सूरज अमितेश की सोसायटी पहुंचा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## अवैध अतिक्रमण को 'बाबा के बुल्डोजर' ने मिट्टी में मिलाया





**नोएडा (चेतना मंच)।** आज नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-44, 17, 45 में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया । इस दौरान 1000 वर्ग मीटर पर अवैध आक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। इस जमीन की बाजारी कीमत तकरीबन 12 करोड रुपए बताई जाती है।

वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल सिंह ने बताया कि यह जमीन नोएडा प्राधिकरण की अधिग्रहित तथा कब्जा प्राप्त जमीन है। जिस पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से निर्माण कर लिया था। इसके खिलाफ नोएडा प्राधिकरण की टीम ने अभियान चलाया जिसमें बुलडोजर तथा पुलिस बल की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

## जमानत पर बहस

दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत देकर सभी पक्षों को चौंका दिया। केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था। इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की 'भारत राष्ट्र समिति' पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद दो जून को उन्हें जेल लौटना पड़ा था। बहरहाल केजरीवाल की जमानत आधी-अधूरी साबित हुई, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय ने तब तक जमानत की प्रक्रिया पर रोक लगा दी, जब तक उसकी सुनवाई पूरी न हो जाए। अब साफ है कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना फिलहाल रुक गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का जश्न और भविष्य की योजनाओं पर सन्नाटा पसर गया है। दरअसल केजरीवाल का जेल में रहना 'आप' के लिए बहुत बड़ी सजा है, लिहाजा जमानत के फैसले पर पार्टीजन 'सत्यमेव जयते' के नारे लगा रहे थे। चूंकि 'आप' का राष्ट्रीय संयोजक फिलहाल जेल के बाहर आ रहा था, लिहाजा वे जश्न मना सकते थे। अब सब कुछ स्थगित हो गया है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू कर दी है। हम केजरीवाल और 'आप' के प्रवक्ता, नेताओं से सवाल करना चाहते थे कि देश में संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र अभी जिंदा हैं अथवा नहीं? चुनाव के दौरान एक झूठा नेरेटिव कांग्रेस ने गढ़ा था कि यदि मोदी सरकार ही लौट कर आ गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। जाहिर है कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो न्यायपालिका का अधिकार-क्षेत्र भी प्रभावित होगा। आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस झूठे नेरेटिव को केजरीवाल-समूह ने भी आगे बढ़ाया था, क्योंकि 'आप' भी 'इंडिया' विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रही है। बेशक चुनाव भी प्रभावित हुआ। यह जनादेश से स्पष्ट है कि भाजपा को भी बहुमत नहीं मिला। वह 240 सीट पर ही सिमट गई, नतीजतन देश में गठबंधन की सरकार बनी है। जब केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, तो क्या कहेंगे? आम चुनाव तो सम्पन्न हो चुके। 'आप' के मात्र तीन सांसद पंजाब से चुने गए हैं। केजरीवाल की दिल्ली ने 'शून्य' दिया है। केजरीवाल का जेल से बाहर आना पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी, 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं। 'आप' की सार्वजनिक छवि और भीतरी संकट बेहद गंभीर हैं। महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का वायदा निभाना है, क्योंकि वह बजट की घोषणा है। चूंकि केजरीवाल के जेल में रहने से कैबिनेट की बैठक लंबे समय से नहीं हो पाई, नतीजतन परियोजनाओं को स्वीकृति लटक रही है। दिल्ली में पानी का जो गंभीर संकट फैला हुआ है, उसके लिए भी केजरीवाल के हस्तक्षेप की जरूरत है। हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में भी केजरीवाल चुनाव लडऩे की योजना बना रहे हैं, लेकिन अब क्या किया जाए? बहरहाल, उच्च न्यायालय के आदेश की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि इस प्रकार मन को बल दिखलाकर मैं श्री रघुनाथजी की सुहावनी कथा की रचना करूँगा। व्यास आदि जो अनेकों श्रेष्ठ कवि हो गए हैं, जिन्होंने बड़े आदर से श्री हरि का सुयश वर्णन किया है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**चरन कमल बंदउँ तिन्ह केरे। पुरवहुँ सकल मनोरथ मेरे॥**
**कलि के कबिन्ह करउँ परनामा। जिन्ह बरने रघुपति गुन ग्रामा॥**

मैं उन सब (श्रेष्ठ कवियों) के चरणकमलों में प्रणाम करता हूँ, वे मेरे सब मनोरथों को पूरा करें। कलियुग के भी उन कवियों को मैं प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने श्री रघुनाथजी के गुण समूहों का वर्णन किया है॥

**जे प्राकृत कबि परम सयाने। भाषाँ जिन्ह हरि चरित बखाने॥**
**भए जे अहहिं जे होइहहिं आगें। प्रनवउँ सबहि कपट सब त्यागें॥**

जो बड़े बुद्धिमान प्राकृत कवि हैं, जिन्होंने भाषा में हरि चरित्रों का वर्णन किया है, जो ऐसे कवि पहले हो चुके हैं, जो इस समय वर्तमान हैं और जो आगे होंगे, उन सबको मैं सारा कपट त्यागकर प्रणाम करता हूँ॥

**होहु प्रसन्न देहु बरदानू। साधु समाज भनिति सनमानू॥**
**जो प्रबंध बुध नहिं आदरहीं। सो श्रम बादि बाल कबि करहीं॥**

आप सब प्रसन्न होकर यह वरदान दीजिए कि साधु समाज में मेरी कविता का सम्मान हो, क्योंकि बुद्धिमान लोग जिस कविता का आदर नहीं करते, मूर्ख कवि ही उसकी रचना का व्यर्थ परिश्रम करते हैं॥

(क्रमश:..)

# बाहरी बनाम उड़िया की जंग में उलझे रहे नवीन

साल 2000..संसद का बजट सत्र चल रहा था..मार्च के पहले हफ्ते का कोई दिन था..लोकसभा में मंत्रियों वाली सीट की ओर एक सांसद धीरे-धीरे बढ़ रहा था..उस शख्स को देख लोकसभा की प्रेस गैलरी में हलचल मच गई..इस हलचल पर नीचे बैठे कुछ सांसदों की निगाह पड़ी..उनकी भी निगाह उसी ओर चली गई, जिधर रिपोर्टर देख रहे थे..इस बीच तत्कालीन सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों की हथेलियां मेजों को थपथपाने लगीं..देखते ही देखते इस हथेली कोरस में समूचे सदन की हथेलियां जुड़ गईं..क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष, हर सांसद की थपेली जैसे एक लय में मेजों को थपथपाने लगीं थी..इस कोरस में शामिल नहीं था, तो संसद के कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें नियम-कानून इसकी अनुमति नहीं देते..सांसदों के इस अभूतपूर्व स्वागत से उस शख्सियत का अभिभूत होना स्वाभाविक था..इस औचक घटना के बाद वह व्यक्ति विनम्रता से और भर उठा..



वह शख्सियत थे वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया। राज्य के कद्दावर नेता रहे बीजू पटनायक के इकलौते इंजीनियर बेटे के तूफान में बंगाल की खाड़ी के किनारे की धरती से कांग्रेस उड़ गई। तब नया इतिहास रचा गया था। उस जीत के नायक का लोकसभा में सम्मान के लिए अगर उस कांग्रेस के सांसदों को भी मजबूर होना पड़ा था, उसकी वजह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि उस शख्स की सादगी और विनम्रता रही। यह विनम्रता विगत 13 जून को भी भुवनेश्वर में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी, जब भूतपूर्व शासक के रूप में नवीन पटनायक शपथ मंच पर पहुंचे।

इसे संयोग कहें या कुछ और कि जिस बीजेपी की बैसाखी के सहारे नवीन पटनायक ने उड़ीसा में नया इतिहास रचा, उसी बीजेपी ने ठीक 24 साल बाद नवीन पटनायक को भूतपूर्व बना दिया। अठारहवीं लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मिले सदमे से जब बीजेपी जूझ रही थी, उसी वक्त उड़ीसा ने पार्टी को सांत्वना देने का काम किया। राज्य की 21 लोकसभा सीटों में बीस पर एकतरफा जीत हासिल करके राज्य को एक तरह से कांग्रेस मुक्त बना दिया। विपक्ष को मिली इकलौती सीट नवीन पटनायक को मिली।

इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। जनता दल के नेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बने। जब तक बीजू पटनायक जिंदा रहे, तब तक नवीन अमेरिका में इंजीनियर की नौकरी करते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद नवीन ने नई पार्टी बनाई और बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2000 के चुनावों में जिस बीजेपी के साथ वे सत्ता की सीढ़ी नापने में कामयाब रहे, उस बीजेपी से उन्होंने बाद के दिनों में अपना रिश्ता तोड़ लिया और देखते ही देखते उड़ीसा के सबसे लोकप्रिय शख्सियत बन गए। यह लोकप्रियता बाद के हर चुनाव में दिखी, चाहे वह विधानसभा का हो या लोकसभा का या फिर पंचायती चुनाव। लेकिन अपने आखिरी कार्यकाल में उन्होंने गलतियां शुरू की। तमिलनाडु मूल के आईएएस अधिकारी वीके पांडियन उनके करीबी बनकर उभरे। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले पांडियन ने इस्तीफा दे दिया और बीजू जनता दल में नवीन के अघोषित उत्तराधिकारी के रूप में उभरते चले गए। उन्होंने चुनाव अभियान में खूब मेहनत की। उड़ीसा में यहां तक माना जाने लगा था कि आने वाले दिनों में अगर बीजू जनता दल को जीत मिलती है तो नवीन सिर्फ नाम मात्र के मुख्यमंत्री होंगे और पांडियन असली मुख्यमंत्री होंगे।

**इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे।**

जिस उड़ीसा के लोग पूरे देश में रोजगार और पढ़ाई के लिए फैले हुए हैं, जहां के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की तूती अमेरिका के सिलिकॉन वैली तक में बोलती है, उसी उड़ीसा के लोगों का अपना स्वाभिमान जाग उठा। उन्हें नवीन पटनायक तो पसंद रहे, लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में वी के पांडियन पसंद नहीं रहे। उड़िया बनाम बाहरी का नारा लगा और भारतीय जनता पार्टी ने इसे जन नारा बना दिया। इसका असर यह हुआ कि बीजेपी ने उस नवीन पटनायक को किनारे लगा दिया, जिन्होंने कभी उसका हाथ झटककर उसे किनारे लगा दिया था।

वी के पांडियन की पत्नी भी उड़ीसा में आईएएस अफसर हैं। सुजाता कार्तिकेयन और पांडियन की जोड़ी पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा प्रभावी हुई। उड़ीसा ऐसा राज्य है, जहां कम पढ़े लिखे, और कई बार अनपढ़ आदिवासी आबादी के साथ ही सवर्ण और पढ़े-लिखे प्रभावी लोगों का बेहतर अनुपात है। आदिवासी समुदाय में चर्चों का प्रभाव है। चर्च के प्रभाव को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद यहां गहरे तक सक्रिय है। संघ विचार परिवार के मजबूत सांगठनिक पहुंच और पकड़ के चलते देखते ही देखते बीजेपी ने भी गांव-गांव तक अपनी पैठ बना ली। नवीन पटनायक की चूंकि उम्र बढ़ रही है और वे शादीशुदा नहीं है। लिहाजा मौजूदा चलन के मुताबिक, उनकी विरासत को बढ़ाने के लिए उनके परिवार में कोई रहा नहीं। बीजू जनता दल का संगठन भारतीय जनता पार्टी की तरह नहीं रहा, लिहाजा वहां दूसरी पंक्ति का नेतृत्व उभर नहीं पाया। पांडियन और उनकी बढ़ती दखलंदाजी और प्रभाव के चलते बीजू जनता दल के कद्दावर नेता अलग होते चले गए। उनमें से ज्यादातर ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस बीच बीजेपी ने आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ बनाई। आदिवासी समुदाय की द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान कराया। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता गया, बीजेपी ने स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे को खूब उछाला। हालांकि शुरूआत में ऐसा नहीं लग रहा था कि नवीन पटनायक को बड़ी चुनौती मिल सकेगी। बड़े से बड़े राजनीतिक पर्यवेक्षक यही मान रहे थे कि बहुत होगा तो लोकसभा में बीजेपी की सीटें बढ़ जाएगी। विधानसभा में भी बीजेपी की ताकत बढ़ेगी, लेकिन राज्य की सत्ता नवीन बाबू के ही हाथ रहेगी। लेकिन स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे के साथ ही बीजू जनता दल के नेताओं के पलायन से उड़ीसा में संदेश गया कि अगर नवीन बाबू को जीत मिलती भी है तो उनके हाथ सत्ता नहीं रहेगी। उन पर शासन करने वाला उनका अपना नहीं, तमिलनाडु का नेता होगा। बीजेपी ने चुनाव अभियान में इसे बार-बार उछाला।

नवीन पटनायक 77 साल के हो गए हैं। उनका स्वास्थ्य भी साथ नहीं देता। राज्य में यह भी माना जाने लगा कि उनके स्वास्थ्य की ठीक से देखभाल नहीं की गई। दबी जुबान से यह भी कहा जाता रहा कि उनके स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाली दवाएं दी गईं। बीजेपी ने तो अपने चुनाव अभियान में वादा तक किया कि अगर वह सत्ता में आती है तो वह नवीन बाबू के स्वास्थ्य की उच्चस्तरीय जांच कराएगी। इससे पांडियन को लेकर रोष बढ़ा। जिसका नतीजा बीजू जनता दल की सत्ता से विदाई के रूप में सामने है।

अगर नवीन पटनायक ने अपने ही दल से अपना कोई उत्तराधिकारी चुना होता, दूसरी पंक्ति का नेतृत्व उभारने की पुरानी तैयारी किए होते तो शायद चुनावी नतीजे उनके लिए इतने खराब नहीं होते। सत्ता से बीजू जनता दल के बाहर होने के बाद माना जा रहा था कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष का पद नवीन पटनायक वी के पांडियन को दे सकते हैं। हालांकि पांडियन ने बीजू जनता दल की हार के चलते राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया है। ऐसे में लग रहा था कि नवीन पटनायक नेता प्रतिपक्ष का पद किसी और को भी दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने राजनीतिक पर्यवेक्षकों को चौंकाते हुए खुद को विधानसभा में विरोधी दल का नेता घोषित कर दिया है।

**- उमेश चतुर्वेदी**

## दावाग्नि से सुरक्षा

दुनिया भर में जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं। 2013 से यह संख्या दोगुनी है, जिससे 30 लाख जीव प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25 फीसदी ऑक्सीजन की जरूरत इन वर्षा वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं। वैसे तो मनुष्य समाज शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनिया की हवा, पानी और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए, उतने भी नहीं बचे हैं। इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बन डाईऑक्साइड का मुख्य स्रोत होने के कारण ग्रीन हाउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस तरह एक घातक दुश्चक्र चल निकला है। वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जल कर खुरखुरी हो जाती है और बारिश में बह कर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भूजल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है।



अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 20000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र है। 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6.61 करोड़ रुपए का नुकसान अनुमानित है। किंतु यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपए में जाएगा। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं, ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना है ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकडऩे और दंडित करने की व्यवस्था हो। दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घकालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआं खोदने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और आग प्रतिरोधक स्थायी योजना बनानी चाहिए। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोज टावर नेटवर्क और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिएं, जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें। पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसान था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम के आदि थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है, जिससे आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

झाडियों से पीट कर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वन कर्मी हिमाचल में काल का ग्रास बन गए थे। संवेदनशील बीटों में प्राकृतिक जल स्रोतों को चिन्हित करके स्थायी तौर पर पाईप लाइनें बिछा कर हाईड्रेंट व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, ताकि तत्काल वहां से पानी लेकर रोलिंग पाइप बिछा कर आग पर काबू पाया जा सके। जहां जहां सडक़ें पहुंच गई हैं, वहां मोबाइल वाटर टैंक की व्यवस्था होनी चाहिए। हर तरह की स्थलाकृति में चल सकने वाले छोटे अग्निशमन वाहनों का प्रबंध होना चाहिए। कम पानी से अधिक सफल अग्नि नियंत्रण के लिए धुंध स्प्रे तकनीक का प्रयोग किया जा सकता है। इस तकनीक में अग्निशमन वाहन पर टरबाइन स्प्रेयर लगा होता है जो पानी को धुंध में परिवर्तित करके स्प्रे करता है, जिससे अग्निशमन की कुशलता बढ़ जाती है। पिठू स्प्रेयर भी कारगर हो सकते हैं। यदि पानी में डीटरजेंट मिला कर स्प्रे किया जाए तो अग्निशमन की क्षमता बढ़ जाती है। छोटे रास्तों के लिए अग्निशमन बाइक भी उपलब्ध हैं, जिनमें 40-50 लीटर पानी के टैंक लगे होते हैं, और स्प्रे व्यवस्था होती है। अग्निशमन कर्मियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए जाने चाहिएं, जिसमें अग्निरोधी वर्दी, फिल्टर मास्क, अग्निरोधी बूट, रीहाईड्रेशन घोल आदि मुख्य हैं।

पानी लेने के लिए स्थान-स्थान पर पाइप पॉइंट और तालाब निर्माण होना चाहिए। ऐसी व्यवस्था होगी तो अग्निशमन कर्मी उत्साहित होकर काम कर सकेंगे और जन सहयोग लेना भी आसान होगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चीड़ का एकल रोपण भी आग के लिए बड़ा जिम्मेदार है। अत: प्रयास किया जाना चाहिए कि चीड़ वनों को मिश्रित प्राकृतिक वनों में बदला जाए। वन संबंधी विविध डाटा विश्लेषण के आधार पर अग्निशमन दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए, जिसमें भूमि आच्छादन, स्थलाकृति, मिट्टी का प्रकार, वनस्पति प्रकार और मानव गतिविधि को ध्यान में रख कर योजना बने, तो संपूर्णता से स्थायी समाधान की ओर बढ़ा जा सकता है। हर साल वनों की आग से करोड़ों-अरबों का नुकसान हो रहा है। इस नुकसान को तुरंत रोकने की जरूरत है।

**-कुलभूषण उपमन्यु**

## राशिफल

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष : तृतीया

(विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग है और भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि हो रही है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
कई तरीके की चीजें जीवन में वृद्धि कर रही हैं। हर तरीके से। थोड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बहुत तरह के खर्चे और अपनों से थोड़ी दूरी। स्वास्थ्य भी मध्यम है। ये थोड़ा परेशान कर रही हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभता में वृद्धि हो रही है। आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
मन चिड़चिड़ा सा रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नए स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आय में आशातीत बढ़ोतरी होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का साथ है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। अपनों का साथ होगा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां थोड़ी प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। प्रेमी,प्रेमिका की मुलाकात होगी। रंगीन दिन गुजारेंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर विजय पाएंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा।

# बलिदान दिवस के रूप में मनाया डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्ज़ी की पुण्यतिथि



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जन संघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्ज़ी का बलिदान दिवस (पुण्यतिथि) उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर मनायी गई। भाजपा के ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था वो एक प्रखर राष्ट्रवादी शिक्षाविद जन संघ के संस्थापक हम सबके प्रेरणा सोत्र एक भारत अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे देश की अखंडता के लिए धारा 370 का पुरजोर विरोध किया एक देश दो विधान नहीं चलेंगे का नारा दिया और उनका बलिदान अखंड भारत बनाने के लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर गये और वहीं पर उनकी षड्यंत्र के तहत (उनका बलिदान) हत्या कर दी गई।

इस मौके पर मुख्यरूप से जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा, पवन रावल, सुनील भाटी, पवन नागर, राहुल पंडित, देवा भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, पंकज रावल, ज़िला मंत्री गुरुदेव भाटी, सत्यपाल शर्मा, अमित शर्मा, रवि जिन्दल, इन्द्र नागर, मनोज भाटी, इंदरजीत टाईगर, संजय भाटी, राजीव सिंघल, विचित्र तोमर, राज नागर, जितेन्द्र भाटी, अनीता गौतम, रजनी तोमर, सुनील सोनक, राजेश शर्मा, दिनेश भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने पुलिस के साथ की बैठक, सौंपा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यापार मंडल के अध्यक्ष सरदार मनजीत सिंह ने कहा कि ग्रेटर नोएडा का मुख्य बाजार जगत फार्म मार्केट है । इस बाजार में रेहडी व ठेली वालों ने पूर्णतया कब्जा किया हुआ है जिसके कारण आने वाले ग्राहको को अपनी कार खड़ी करने की जगह नहीं मिलती है एवं जाम की स्थिति बनी रहती है जिससे बाजार में ग्राहक नहीं आता एवं लोगों का व्यापार नहीं चल रहा है।

बैठक में व्यापार मंडल जगत फार्म अध्यक्ष मनजीत सिंह, मुकेश जैन, मीनाक्षी, हरेन्द्र भाटी, मुकुल गोयल, अजय अग्रवाल, राजीव कुमार, डॉ सुकेंद्र यादव, उमेश कुमार, मोनू अग्रवाल, तरंग तायल, शुभम् गोयल, रुद्राक्ष कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# सेक्टर की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-145 के पदाधिकारियों व प्लॉट स्वामियों का प्रतिनिधिमंडल ने डीएम मनीष कुमार वर्मा से सेक्टर-145 में विकास कार्य को लेकर मिला व ज्ञापन सौंपा। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एड. लाटसाहब लोहिया और उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने डीएम मनीष वर्मा से मिलकर सेक्टर 145 के गाँव बेगमपुर माजरा के किसानों का मुआवजे का निस्तारण कर प्लॉट स्वामियों को भौतिक कब्जा दिलाने का ज्ञापन दिया। ज़िलाधिकारी ने मामले की जानकारी लेकर जल्द से जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा 5 प्रतिशत के लगभग 2300 भूखंड आवंटित किए थे। लेकिन किसानों के मुआवजा की वजह से अभी तक विकास कार्य नहीं हो पाया है। सेक्टर-145 में 5 प्रतिशत किसानों के भूखंडों का आवंटन नोएडा प्राधिकरण ने सन 2016 में किया था जिसको 8 वर्ष हो गए हैं।



जिसमें भूखंड स्वामियों ने नोएडा प्राधिकरण से रजिस्ट्री भी करा ली है जिसमें करीब 2300 भूखंड है किसानों के उचित मुआवजे के निस्तारण के चलते आज तक पूरे सेक्टर का विकास कार्य नहीं हो पाया है। जिससे आवटीयों को मौके पर कब्जा नहीं मिल रहा है। क्योंकि उचित मुआवजा का मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

इस मौके पर कोषाध्यक्ष संजय चौहान, महासचिव नीरज शर्मा, सचिन शर्मा, एमपी शर्मा, हितेंदर कुमार, राजकुमार शर्मा, श्याम सुंदर, नवीन गोयल, आमिर, घनश्याम पांडे, राजेश चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपा जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक सूरजपुर स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी एवं संचालन जिला महासचिव सुधीर तोमर ने किया।



बैठक उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि लोकसभा गौतमबुद्धनगर सीट पर पार्टी को मिली हार से सबक लेते हुए, सभी पदाधिकारी पार्टी को मजबूत करने में जुट जाये और पूर्व में हुई गलतियों में सुधार करते हुए जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है, पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कुशल नेतृत्व में लोकसभा में शानदार प्रदर्शन इसका उदाहरण है।

लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली जबरदस्त जीत से कार्यकर्ता में उत्साह है और आने वाले विधानसभा 2027 चुनाव में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। जनपद गौतम बुद्ध नगर में भी पार्टी को विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी होगी और पूरी ईमानदारी एवं मेहनत से पार्टी को मजबूत करने के लिए संघर्ष करना होगा।

बैठक में मुख्य रुप से सुरेंद्र नागर, मेहंदी हसन, अवनीश भाटी, औरंगजेब वाली अमित रोनी, राजेश रोही, जुगती सिंह, रविंद्र यादव, कपिल ननका, सुनील भाटी, मिंटी खारी, रोहित मत्ते गुर्जर, विजेंद्र चौहान, दीपक नागर, कुंवर नादिर अली, मोहित यादव, मोहित नागर, विकास भनौता, नीरज भाटी, लोकेश चौधरी, विनीत यादव, विपिन सैन, सुदेश भाटी, अनिल प्रजापति, जीतेन्द्र अग्रवाल, सुशील नागर, रामनरेश चौधरी, अनिल नागर, ललित कुमार, अनीस अहमद, पवन जोगी, गजेंद्र रावल, योगेंद्र देसाई, यशपाल भाटी, नितिन नागर, प्रमोद कुमार, बालेश्वर बाल्मीकि, सुमित कुमार, प्रेमपाल रावल, चाँद मियां आदि मौजूद रहे।

# आबादियों के अधिग्रण से ग्रामीणों में रोष

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** खेड़ी गांव में बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्रित होकर अपनी दशकों पुरानी आबादियों के खसरा नंबरो को ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण के लिए प्रकाशित करने पर विरोध जताया। किसानों का कहना है कि हमारे वर्षों पुराने मकानों को प्राधिकरण अधिग्रहण करना चाहता है जो हमे किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।



किसान सभा के जिला महासचिव जगबीर नंबरदार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राधिकरण इस क्षेत्र के साथ हमेशा से यही करता चला आ रहा है कि किसानो के पूर्वजों द्वारा बनाए गए मकानों का भी अधिग्रहण करके फिर आबादी सुनवाई के नाम पर लम्बे समय तक किसान परिवारों को प्रताड़ित किया जाता है परंतु अब यह बर्दास्त नही होगा किसी भी किसान परिवार को नही उजड़ने दिया जायेगा किसान की आबादी जस की तस बचेगी,यदि प्राधिकरण या सरकार को किसानो की जमीन चाहिए तो उनको नए भूमि अधिग्रहण कानून का लाभ देना ही होगा वरना जिला गौतम बुद्ध नगर में जमीनों की खरीद प्राधिकरण नहीं कर सकते।

किसान सभा युवा के अध्यक्ष शिशांत भाटी का कहना है कि प्राधिकरण अपनी हठधर्मिता से बाज नही आ रहा उसकी नीतियों के कारण इस क्षेत्र के युवाओं का भविष्य अंधकारमय है,युवाओं के रोजगार की उचित व्यवस्था जिले के अंदर प्राधिकरणो को करनी होगी साथ ही साथ हमारे जिले से समाप्त किए गए पंचायती चुनावो को बहाल करना होगा हम युवा किसी भी सूरत में अपना व अपने गांवो का अस्तित्व समाप्त नहीं होने देंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से निरंकार सिंह, मोनू मुखिया, संजय, अजीत एडवोकेट, मुकेश मटोल आदि मौजूद रहे।

# विदेशी महिला पर्यटक का पुलिस ने कुछ घंटों में ढूंढा मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत घूमने आई श्रीलंका की महिला पर्यटक का मोबाइल फोन कार में छूट गया। विदेशी महिला पर्यटक की शिकायत के बाद थाना सेक्टर-49 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फोन बरामद कर उनके सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की विदेशी महिला ने जमकर प्रशंसा की है।

थाना सेक्टर-49 प्रभारी अनुज कुमार सैनी ने बताया कि श्रीलंका की रहने वाली दादूसी साथीराणा अपने परिचित अरुण सेल्वन के साथ भारत घूमने के लिए आई थी। वह सेक्टर-50 के एक होटल में रुकी हुई थी। बीती शाम महिला खाना खाने के लिए कार से सेक्टर-50 की मार्किट आई थी। जल्दबाजी में महिला कार में ही अपना मोबाइल फोन भूल गई। कुछ समय बाद महिला को मोबाइल फोन गुम होने का एहसास हुआ जिसके बाद उसने पुलिस की सहायता ली। विदेशी महिला पर्यटक ने पुलिस को बताया कि मोबाइल फोन में ही उसकी फ्लाइट की टिकट है। सोमवार की शाम को दिल्ली से उसकी फ्लाइट कोलंबो के लिए है। मोबाइल फोन व फ्लाइट के टिकट गायब होने की वजह से महिला खासी बदहवास थी। विदेशी महिला पर्यटक की परेशानी को देखते हुए पुलिस ने जांच पड़ताल की और महिला के फोन को खोज निकाल कर उसके सुपुर्द कर दिया। मोबाइल फोन मिलने पर महिला पर्यटक ने थाना प्रभारी व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

# अस्पताल में इलाज कराया बिल आया तो किया हंगामा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इलाज के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर बिल का भुगतान किए जाने को लेकर मरीज के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों के साथ गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार कर अस्पताल से चले गए। अस्पताल प्रबंधन ने तीन नामजद सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है।

न्यू मेड हॉस्पिटल प्रबंधक मनमोहन सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 17 जून को ग्राम सोनपुर निवासी ज्ञानी ने अनीता देवी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। डिस्चार्ज के समय मरीज का 625525 का बिल बना। मेडिक्लेम



कंपनी से पूरा पैसा अस्पताल को अदा नहीं किया गया। मेडिक्लेम से अस्पताल को केवल 29363 रुपए ही मिले। परिजनों के कहने पर 9379 रुपए का डिस्काउंट भी दिया गया इसके बाद परिजनों से बकाया 23782 रुपए अदा करने के लिए कहा गया। इस पर ज्ञानी उनके बेटे अरुण ने स्टाफ के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान इन्होंने अपने साथी सचिन व अन्य लोगों को भी बुला लिया और इन लोगों ने भी अस्पताल के कर्मचारियों के साथ जमकर अभद्र व्यवहार किया। आरोपियों ने साफ धमकी दी कि उनसे जो करते बने कर लें वह पैसों का भुगतान नहीं करेंगे। इसके बाद आरोपी अपने मरीज को लेकर चले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल के मैनेजर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बदरुद्दीन सैफी (Badruddin Saifi) पुत्र खचेडू खां, निवासी ग्राम- गेझा तिलपताबाद, सलारपुर नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, में मेरा नाम बदरुद्दीन सैफी है। जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम बजरुद्दीन कुरैशी (Bazarauddin Qureshi) है। बदरुद्दीन सैफी व बजरुद्दीन कुरैशी दोनों मेरे ही नाम है। मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम बदरुद्दीन सैफी (Badruddin Saifi) किया जाए , और भविष्य में मुझे बदरुद्दीन सैफी के नाम से जाना जाए।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स एस के ओवरसिज पता ए-3/23, साईट-5, यूपी एस आई दी सी कासना इण्डस्ट्रीयल एरिया, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)-201308 कि पार्टनरशिप डीड दिनांक-01.11.2010 को हुई थी। जिसके अनुसार हमारी फर्म में पहले तीन पार्टनर थे। 1-श्री शरवन मोहन साध पुत्र स्व0 श्री किशोरी मोहन साध 2-श्री कपिल साध पुत्र श्री शरवन मोहन साध 3-श्री अजय फुल साध पुत्र स्व0 श्री कमल फुल साध थे। संशोधित पार्टनरशिप डीड दिनांक-15.06.2024 के अनुसार फर्म में श्री शरवन मोहन साध का दिनांक- 01.04.2024 को स्वर्गवास हो जाने के कारण अब फर्म में सिर्फ दो ही साझेदार रह गये है। 1-श्री कपिल साध पुत्र स्व0 श्री शरवन मोहन साध 2-श्री अजय फुल साध पुत्र स्व0 श्री कमल फुल साध साझेदार हो गये है।

# सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन से मोबाइल फोन चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मेट्रो स्टेशनों पर मोबाइल चोरी होने की वारदात में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन के प्लेटफार्म पर चोरों ने एक व्यक्ति के जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। सेक्टर 27 ए ब्लॉक में रहने वाले हिमांशु शर्मा ने बताया कि वह दिल्ली जाने के लिए सेक्टर-18 के प्लेटफार्म नंबर दो पर खड़ा हुआ था। मेट्रो ट्रेन में प्रवेश के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेल से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। कुछ दूर जाने पर उन्हें मोबाइल चोरी होने का एहसास हुआ उन्होंने अपने मोबाइल फोन की तलाश की लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। पीड़ित ने थाना सेक्टर-20 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोबाइल चोरी का मामला दर्ज कराया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**ओएलएक्स पर बाइक...**

वह उस व्यक्ति को बाइक दिखा रहा था। इस दौरान अचानक लाइट चली गई। अंधेरे का फायदा उठाकर सूरज नामक व्यक्ति उनकी बाइक को लेकर रफू चक्कर हो गया। उन्होंने जब उसके मोबाइल पर फोन किया तो नंबर स्विच ऑफ मिला। पीड़ित के मुताबिक आरोपी का नंबर लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**मनचलों ने की...**

धमकी देने के बाद आरोपी गालियां देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि रेखा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**टेस्ट ड्राइव के बहाने...**

टेस्ट ड्राइव के बहाने सूरज अमितेश की बाइक को लेकर रफू चक्कर हो गया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा भी दर्ज है। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से दिल्ली थाना सेक्टर-39 फेस-1 व थाना बिसरख क्षेत्र से चोरी की गई 9 बाईक बरामद हुई हैं। पकड़े गए आरोपियों की आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

**25 किलो गांजे...**

चेकिंग से बचने के लिए वह गांजे के पैकेट के ऊपर कपड़े रख लेते हैं। इस कारण पुलिस को उन पर शक नहीं होता। उन्होंने बताया कि पहले वह हैदराबाद राज्य में गांजे की सप्लाई करते थे। हैदराबाद में पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद वह जमानत पर छूट कर नोएडा चले आए। यहां पर वह नोएडा-दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में गांजे की सप्लाई करते हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

**ग्रीन बेल्ट में अवैध...**

द्वारा अवैध रूप से मकान के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। वर्क सर्कल अधिकारियों द्वारा पूर्व में भी कई बार अवैध निर्माण को रुकवाया गया इसके बावजूद भी मास्टर जसवंत द्वारा अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अभियंता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**लाखों की नगदी...**

बहकावे में आकर उनकी बेटी घर से करीब 25 लाख रुपए की ज्वेलरी और 12 लाख रुपए की नगदी को लेकर चली गई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस युवक और युवती की तलाश कर रही है।

**आँखों में स्प्रे कर...**

बदमाशों ने पैसे लूट लिए। पीड़ित के मुताबिक जैसे ही वह पैसे लेकर एटीएम से बाहर निकाला तो एक युवक ने उसकी आंखों में स्प्रे कर दिया जिससे उसे दिखाना बंद हो गया। इस दौरान दूसरे युवक ने उसकी जेब से 25000 निकाल लिए और मौके से फरार हो गए। उसके शोर मचाने पर आसपास के राहगीरों ने उसे फोर्टिस अस्पताल पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**आपातकाल के विरोध...**

तथा लोगों के मौलिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। प्रेस पर सेंसर लगा दिया गया था। प्रजातंत्र का गला घोट दिया गया था। इसके खिलाफ जनता पार्टी तथा भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने देशभर में आंदोलन किया था। नतीजा 1977 में इंदिरा गांधी की बुरी तरीके से हार हुई थी। इसी आपातकाल के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए प्रजातंत्र की हत्या को लेकर इस सम्मेलन में चर्चा होगी।

**लुहारली टोल पर...**

इस पर टोलकर्मियों ने किसान यूनियन का मैसेज करने की बात कही। जिसके बाद कार चालक आग बबूला हो गया। कार चालक ने फोन करके चाहत प्रधान, अमित, राजवीर सिंह एवं सुधीर कुमार चौहान आदि को मौके पर बुला लिया। इन लोगों के साथ बड़ी संख्या में भाकियू मंच के कार्यकर्ता भी थे। टोल पर इकट्ठा हुए इन लोगों ने स्टाफ को गलियां देनी शुरू कर दी और जबरन बूम बैरियर खोल दिए। इस दौरान चाहत प्रधान ने मैनेजर रजनीकांत को धमकी दी कि उसके खिलाफ मुकदमा लिखवाने का यही अंजाम होगा। इसी तरह यूनियन के कार्यकर्ता यहां हंगामा करेंगे।

मैनेजर की शिकायत पर पुलिस ने चाहत प्रधान, अमित, राजवीर सिंह, सुधीर कुमार चौहान आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।




दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब जीएसटी के दायरे से बाहर, वित्त मंत्री का परिषद की बैठक के बाद एलान

**नई दिल्ली , एजेंसी।** जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाए जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद् की बैठक के बाद ये बातें कही।

53 वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, परिषद ने सभी दूध के डिब्बे पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने




की सिफारिश की है। इसका मतलब है कि स्टील, लोहा, एल्यूमीनियम के बने जो भी केन दूध के डिब्बे के तौर पर प्रयोग होंगे उन पर नई दरें लागू होंगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स, कॉरिगेटेड और ननकॉरिगेटेड कागज या पेपर बोर्ड सभी पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। इस फैसले से विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के सेब किसानों को फायदा होगा। वित्त मंत्री के अनुसार परिषद ने यह भी स्पष्ट किया और सिफारिश की है कि फायर वाटर स्प्रिंकलर सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

## अपीलीय प्राधिकरण से जुड़ी यह सिफारिश की गई

परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 25 करोड़ एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ रुपये सीजीएसटी और 20 एसजीएसटी कर दी की। यह अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि है। परिषद ने सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों में संशोधन करने का भी निर्णय किया है और सिफारिश की है कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर करने के लिए तीन महीने की अवधि उस दिन से शुरू होगी जिसे सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने बताया कि ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बताया करदाताओं द्वारा अपील की गई टैक्स फाइलिंग दाखिल करने की अवधि 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि इस बार जीएसटी परिषद की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कोई चर्चा नहीं की गई।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मिली यह जिम्मेदारी

53वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को दर युक्तिकरण के जीओएम का अध्यक्ष बनाया गया है। अगली बैठक में सम्राट चौधरी इसके लिए किए गए कार्यों पर यथास्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद दरों को तर्कसंगत बनाने का काम शुरू होगा। वित्त मंत्री ने बताया कि छोटे करदाताओं को फायदा देने के लिए जीएसटीआर 4 फाइल करने की समय सीमा को जून 30 कर दिया गया है।

### खास खबर

## शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्ट्रिक पैनल्स में सुविज्ञता रखने वाली एक निर्माता, शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड ने 21 जून, 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 64.32 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, और प्रमाणित अधिग्रहणों के मार्फत इनॉर्गेनिक ग्रोथ को सपोर्ट करने के लिए एक रूपटॉप को शामिल करते हुए एक नई असेंबली लाइन के निर्माण और नई मशीनरी खरीदने सहित पूंजी खर्चों का वित्त पोषण करने के लिए और आम कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 21 जून, 2024 को खुलेगी. सभी अन्य श्रेणियां के अभिदान के लिए इश्यू 24 जून, 2024 को खुलेगा और 26 जून, 2024 को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर कॉर्पोरेट कैपिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड के फाउंडर एवं मैनेजर डायरेक्टर, श्री अमित कंवर जिंदल ने कहा, शिवालिक पावर कंट्रोल लिमिटेड में हमने 20 वर्षों के उद्योग अनुभव के साथ कंपनी ने जोरदार फाउंडेशन स्थापित किया है. सिमेंस, श्रेडर इलेक्ट्रिक , एलएनटी और टीडीके जैसे उद्योग लीडरों के साथ हमारी भागीदारी क्वालिटी और इनोवेशन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर रोशनी डालती है. आगामी आईपीओ हमारी कार्यशील पूंजी बढ़ाने, हमारे पैनलों की बढ़ती मांग पूरी करने और और तेजी से डेवलप हो रहे डाटा सेंटर क्षेत्र में विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक फंडिंग प्रदान करेगा. ऑटोमेशन को प्रोसेस करने, इकोनामिक ऑफ़ स्केल का उपयोग करने और ओईएम से डायरेक्ट सोर्सिंग के मार्फत प्रोडक्ट की क्वालिटी में सुधार जैसे वैल्यूएडेड आफरिंग और हमारे व्यूहात्मक फोकस ने हमें भावी ग्रोथ के लिए अच्छी स्थिति में पहुंचाया है. निर्यात बाजारों विशेष रूप से अफ्रीका और मध्य पूर्व में हमारा जोर विशेष रूप से हमारे विस्तार प्रयासों में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है. आईएमटी फरीदाबाद में आधुनिक सुविधा और समर्पित टीम के साथ हम भारत में आईटी और डाटा सेंटर उद्योग में उभरते सुअवसरों का लाभ लेने के लिए सुसज्ज है. यह आईपीओ हमारे व्यूहात्मक टारगेट को सपोर्ट करने और इलेक्ट्रिक पैनल्स उद्योग में उत्कृष्टता की हमारी विरासत को बरकरार रखने के लिए महत्वपूर्ण है.

## जोमाटो, भेल सहित 10 कंपनियों ने निवेशकों को किया मालामाल, 1 साल में पैसा डबल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान बीएसई 100 इंडेक्स में कई कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में जोमैटो, ट्रेंट और बजाज ऑटो भी शामिल है। इसमें कई पीएसयू स्टॉक भी है। मालामाल करने वाली कंपनियों की लिस्ट में ट्रेंट भी एक शामिल है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 213 प्रतिशत बढ़ा है। यानी निवेशकों का पैसा दोगुना है। वहीं, जोमैटो का भी प्रदर्शन बीते एक साल के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 162 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, बजाज ऑटो की बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल में 107 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के शेयरों में बीते एक साल में 200 प्रतिशत की तेजी आई है। इस पीएसयू स्टॉक का भाव 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ा है। गेल इंडिया के पोजीशनल निवेशकों का पैसा भी बीते एक साल में दोगुना हो गया है। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 104 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। रिटर्न के मामले में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स भी किसी से कम नहीं है। इस स्टॉक की कीमतों में 154 प्रतिशत की तेजी बीते एक साल में दर्ज की गई है।

## नमकीन बनाने वाली कंपनी बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के शेयर पर टूटे निवेशक




**नई दिल्ली , एजेंसी।** शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बीच कुछ शेयरों को खरीदने की लूट सी मच गई। इसमें से एक शेयर- बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड का है। शुक्रवार को बीकाजी फूड्स के शेयर की कीमत लगभग 4 प्रतिशत उछलकर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। ट्रेडिंग के दौरान बीएसई पर बीकाजी फूड्स के शेयर 3.91 प्रतिशत बढ़कर 747.95 पर पहुंच गए। कारोबार के अंत में इस शेयर की कीमत 728.40 रुपये थी। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.20 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। यह शेयर एक महीने में 36 प्रतिशत से अधिक और पिछले एक साल में 77 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया है।

### ब्रोकरेज फर्म ने क्या कहा

ब्रोकरेज फर्म नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने इस शेयर पर कवरेज शुरू कर दिया है। नुवामा इक्विटीज ने बिकाजी फूड्स के शेयरों पर खरीदें रेटिंग के साथ ही 885 का टारगेट प्राइस दिया है। यह 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है। इस ब्रोकरेज ने कहा- उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के कारण नमकीन स्नैक्स की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा एथनिक स्नैक्स की बढ़ती लोकप्रियता और असंगठित क्षेत्र का एकीकरण आने वाले वर्षों में बीकाजी के विकास को बढ़ावा देता रहेगा। नुवामा ने कहा कि स्वादिष्ट स्नैक्स, ब्रांड इक्विटी, अनुकूल रुझान और विस्तार की गुंजाइश इसे आकर्षक बनाती है। बता दें कि बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल तेजी से बढ़ते भारतीय नमकीन स्नैक्स बाजार में एक दिग्गज कंपनी है। यह संगठित एथनिक स्नैक्स बाजार में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी है। यह फैमिली पैक्स में मार्केट लीडर है और अपने मुख्य राज्यों- राजस्थान, असम और बिहार में अग्रणी है।

### कंपनी के नतीजे

वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के दौरान कंपनी ने नेट प्रॉफिट में 200 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की। यह प्रॉफिट 116.28 करोड़ रुपये था, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 38.67 करोड़ रुपये था। मार्च तिमाही में परिचालन से राजस्व भी 12.8 प्रतिशत बढ़कर 520.82 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की समान अवधि में 461.69 करोड़ रुपये था।

## उद्यमियों को बजट में कर-राहत, GST दरें कम किए जाने की उम्मीद

**पुणे, एजेंसी।** उद्योग एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जाने वाले 2024-25 के पूर्ण बजट में कर से राहत और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी किए जाने की उम्मीद जताई है। यहां मारवाड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्रीज एंड एजुकेशन (एएमसीसीआईई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि आगामी बजट के मद्देनजर उद्योगपतियों ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखनी शुरू कर दी हैं।




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक शनिवार को दिल्ली में हो रही है, जहां जीएसटी को सरल बनाने और कई क्षेत्रों में दरें कम करने पर चर्चा संभव है। अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी परिषद की पिछली बैठक अक्टूबर 2023 में हुई थी। लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार में यह जीएसटी की पहली बैठक है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देखते हुए आगामी पूर्ण बजट में आयकर के सबसे निचले स्तर में आने वाले लोगों को राहत देने पर विचार करने की जरूरत है। साथ ही कर प्रणाली सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए।

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने चुनाव से पहले फरवरी, 2024 में अपने चालू खर्चों के लिए धन के लिए केवल लेखानुदान पेश किया था। इसके पहले सोच थी कि चुनाव बाद नई सरकार को अपना पूर्ण बजट पेश करने का मौका देने की परंपरा को बनाए रखा जाए। नई सरकार का पहला आम बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। अग्रवाल ने कहा कि हमारी 43बी(एच) अधिनियम की समीक्षा कराने की मांग हैं, जो इस साल से सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों (एमएसएमई) के पंजीकृत व्यापारियों पर लगाया गया है। इसमें व्यापारियों को खरीदे गए माल का भुगतान 45 दिनों के भीतर करना होगा लेकिन व्यापारी भुगतान के लिए 90 दिन का समय मांग रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इससे व्यापार पर असर पड़ता है। अग्रवाल ने कहा, खुदरा व्यापारियों के लिए सस्ती ब्याज दरें आसान होनी चाहिए ताकि बहुराष्ट्रीय कंपनियां एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकें। एएमसीसीआईई के उपाध्यक्ष नरेंद्र गोयल और महाराष्ट्र के अध्यक्ष मनीष तवारावाला ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सरकार से सीमेंट, स्टील और वाहनों पर जीएसटी को वर्तमान में 28 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने की मांग की।

## भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम




**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछले साल ही स्थापित किए गए। यह संख्या 2022 में स्थापित डीपटेक स्टार्टअप की संख्या से लगभग दोगुना अधिक है। हालांकि, भारत की डीपटेक संभावनाएं वित्तपोषण की कमी के कारण अवरुद्ध हैं। इसमें कहा गया, कुछ अन्य प्रमुख डीपटेक पारिस्थितिकी तंत्र में स्टार्टअप की तुलना में भारतीय डीपटेक स्टार्टअप को हर चरण में औसत निवेश का एक अंश ही प्राप्त होता है। वित्तपोषण की यह कमी कुछ होनहार डीपटेक स्टार्टअप के आगे बढ़ने की क्षमता को सीमित करती है। इससे वैश्विक डीपटेक दौड़ में प्रतिस्पर्धा करने की भारत की क्षमता में बाधा उत्पन्न होती है।

## सेंसेक्स में कंपनियों ने पिछले हफ्ते बनाया पैसा, निवेशक गदगद

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।



बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया।

आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया।

टीसीएस की बाजार हैसियत 8,321.6 करोड़ रुपये घटकर 13,78,111.45 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 7,261.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,04,262.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 7,46,454.54 करोड़ रुपये पर आ गया।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## रोहित शर्मा ने किया स्टार्ट-अप में निवेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एक स्टार्ट-अप में निवेश किया है। उन्होंने एजुकेशन-फिनटेक में पैसा लगाया है। इस कंपनी को पहले फाइनेंपीयर नाम से जाना जाता था। रोहित शर्मा के निवेश के बारे में कंपनी ने इसी हफ्ते मंगलवार को जानकारी दी। बता दें, पिछले 3 साल में 2 निवेशों से कंपनी ने 291 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

लीव की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि रोहित शर्मा के निवेश से हमारी कंपनी को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। कंपनी एंजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स में लम्बे समय से नगदी प्रवाह के मामले को सुलझा पाएगी। कंपनी भारत भर में छात्रों को इनोवेटिव सॉल्यूशन भी दे पाएगी।



रोहित शर्मा ने इस मौके पर कहा, मैं एजुकेशन को गुणवत्तापूर्ण और क्रांतिकारी बनाने के लिए लीव के मिशन का सहयोग करने के लिए उत्साहित हूं। वे छात्र और अभिभावकों के लिए जिस तरह से काम कर रहे हैं वो काफी प्रेरणादायक है। यह साझेदारी मुझे एक ऐसा मौका दे रही है जिससे पूरी जनरेशन पर असल पड़ेगा। रोहित शर्मा के निवेश पर कंपनी के फाउंडर और सीईओ रोहित गजभिये कहते हैं, रोहित हम सभी को प्रेरित करते हैं। वो अब हमारे ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर जुड़े थे। अब एक निवेशक के तौर पर हमारे साथ आए हैं।

### क्या करती है कंपनी

हाल ही में लीव ने फाइनेंसियल सासा लॉन्च किया था। यह एजुकेशन सिस्टम में सभी तरह के लेने-देन के एक सभी तरह की सहायता प्रदान करता है। कंपनी लीव कार्ड जारी करती है। जिससे कोई भी छात्र या अभिभावक फीस या अन्य लेने-देने कैंपस के अंदर और बाहर कर पाएगा। कंपनी के प्रोडक्ट का लाभ लगभग 5 लाख छात्र उठा रहे हैं।

छात्रों को इस कार्ड के जरिए तत्काल लोन भी मिल जाता है। वहीं, समय से बिल का भुगतान करने पर कंपनी रिवार्ड प्वाइंट्स भी जारी करती है।

## श्री अधिकारी ब्रदस शेयर ने निवेशकों को चौंकाया, सालभर में ही 1 लाख को बना दिया 2 करोड़

**नई दिल्ली , एजेंसी।** आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर में लगातार 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह 222.50 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। पिछले छह महीने में यह शेयर करीबन 9,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 2.50 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड के शेयर लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी के शेयर पिछले पांच दिन में 9 प्रतिशत, एक महीने में 50 प्रतिशत चढ़ गए हैं।

## भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है।

## ब्रिटेन में टाटा स्टील के कर्मचारी 40 साल में पहली बार करेंगे हड़ताल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा स्टील के ब्रिटेन ऑपरेशन में 2,800 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी है। वहीं, ब्रिटेन में टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारी 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। ये हड़ताल वेल्स के पोर्ट टैलबोट और लैनवर्न में स्थित प्लांट्स में कंपनी की 2,800 कर्मचारियों की छंटनी और ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने के विरोध में हो रही है।

यूनाइट द यूनियन ने कहा कि यह 40 सालों में पहली बार है कि ब्रिटेन में स्टील कर्मचारियों ने टाटा स्टील यूके के संचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मकसद से हड़ताल की है। यूनियन के सदस्यों ने पहले ही इस सप्ताह की शुरुआत में नियमानुसार काम करना और ओवरटाइम वैन लगाना शुरू कर दिया था।




### नौकरियों में कटौती के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल

यूनाइट द यूनियन ने एक बयान में कहा, टाटा के पोर्ट टैलबोट और लानवर्न में स्थित लगभग 1,500 कर्मचारी कंपनी की 2,800 नौकरियों में कटौती और इसके ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

### 'स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ाई'

यूनाइट की महासचिव शेरोन ग्राहम ने कहा, टाटा के कर्मचारी केवल अपनी नौकरियों के लिए नहीं लड़ रहे हैं। वे अपने समुदायों के भविष्य और वेल्स में स्टील इंडस्ट्री के भविष्य के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जब तक टाटा अपनी विनाशकारी योजनाओं को रोक नहीं देती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। यूनाइट वेल्स स्टील इंडस्ट्री को बचाने के लिए लड़ रहा है और टाटा के कर्मचारियों की ऐतिहासिक लड़ाई में उनका पूरा समर्थन कर रहा है, जिसके वे हकदार हैं।

# भारत का सेमीफाइनल खेलना लगभग तय

## आज ऑस्ट्रेलिया से पुराना बदला लेने का सुनहरा मौका

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार यानी 24 जून को ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेले जाने वाला यह मैच ऑस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' जैसा होगा क्योंकि अफगानिस्तान के खिलाफ हार ने उसके सारे समीकरण बिगाड़ दिए हैं। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है।

**ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ना होगा** - अफगानिस्तान से हारने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया को जीतने के साथ यह दुआ भी करनी होगी कि राशिद खान की टीम सोमवार की रात बांग्लादेश से मुकाबला हार जाए। तीन सुपर आठ मैच एक एक दिन के अंतर पर खेलने की दशा में टीम प्रबंधन खिलाड़ियों को रोटेट कर सकता था, लेकिन इसकी संभावना नहीं दिख रही। शनिवार की रात यहां पहुंची भारतीय टीम ने




### भारत से हारते ही टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है ऑस्ट्रेलिया

अभ्यास नहीं किया। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाए जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पंड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है, जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाए हैं। कुलदीप यादव की फिरकी भी कैरेबियाई पिचों पर असरदार साबित हो रही है।


**कंगारुओं के लिए करो या मरो** - डेरेन सैमी स्टेडियम पर यह दूसरा दिन का मैच होगा। दिन रात के मैचों में बड़े स्कोर बने हैं, लेकिन पिछले मैच में इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 164 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी थी। ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के 'फ्लॉप शो' के बाद काफी सुधार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग में लचर प्रदर्शन भी हैरान करने वाला था। यह देखना रोचक होगा कि कोहली लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते हैं जो कई मौकों पर उनका विकेट ले चुके हैं।

**भारत का स्क्वॉड** - रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया का स्क्वॉड**- मिशेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

### खास खबर

## पैट कमिंस को इस विश्व कप में लगातार 2 मैच मिले, दोनों में हैट्रिक



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर 8 चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली 2 गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए। कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे। आस्ट्रेलिया को हालांकि अफगानिस्तान ने 21 रन से हरा दिया। कमिंस पहले से ही ब्रेट ली (2007), कर्टिस कैंपर (2021), वानिंदु हसरंगा (2021), कैगिसो रबाडा (2021) के साथ पुरुष टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले सात खिलाड़ियों के शानदार समूह के सदस्य हैं। कार्तिक मयप्पन (2022) और जोश लिटिल (2022) भी यह कारनामा कर चुके हैं।

कमिंस ने पारी के ब्रेक में कहा कि आस्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार 2 हैट्रिक लगाना सुखद है। उन्होंने कहा कि विश्व कप में अब मुझे लगातार दो मैच मिले और मेरी गेंदबाजी अच्छी रही। मुझे लगा कि उन्होंने शुरूआत में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन मैंने यह भी सोचा कि हमने सीमाएं सीमित कर दी हैं। कुल मिलाकर हमारा अच्छा गेंदबाजी प्रयास रहा। क्षेत्र में हमारा सबसे साफ़ दिन नहीं था। कुल मिलाकर खुश हूं।

### मिशेल मार्श गरजे

## भारत के खिलाफ दबाव होगा लेकिन ऑस्ट्रेलिया दबाव में अच्छा खेलता है



**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले करो या मरो मैच में शानदार वापसी करेगी। ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सुपर 8 के मैच में अफगानिस्तान से 21 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया को अब भारत के खिलाफ सुपर 8 के अपने अंतिम मैच में न सिर्फ जीत दर्ज करनी होगी बल्कि अच्छा नेट रन रेट भी बनाए रखना होगा।

मार्श ने संवाददाताओं से कहा कि यह महत्वपूर्ण मैच है जो भारत के खिलाफ होगा और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए चीजें अब स्पष्ट हैं। हमें खुद पर भरोसा रखना होगा। हमारे पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और मेरा मानना है कि हम सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हमें सब कुछ भूलकर आगे बढ़ना होगा और अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ हार से ऑस्ट्रेलिया का टी20 अंतरराष्टीय क्रिकेट में आठ मैच का विजय अभियान थम गया। मार्श ने कहा कि हमें इस हार से वापसी करनी होगी। हमारा अपने इन खिलाड़ियों पर बहुत भरोसा है। हमारी टीम बहुत अच्छी है लेकिन आज का दिन हमारा नहीं था लेकिन सकारात्मक बात यह है कि हमें 36 घंटे के अंदर वापसी करने का मौका मिल रहा है।

### अभी तो पार्टी शुरू हुई है

## आस्ट्रेलिया पर ऐतिहासिक जीत के बाद बस में चैंपियन सॉन्ग पर अफगानिस्तान टीम का डांस

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम जश्न मनाने के मूड में है और हो भी क्यो न! इस टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के प्रबल दावेदार में से एक ऑस्ट्रेलिया को हरा जो दिया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद अफगानिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद नबी और उनके गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्पेशल वीडियो शेयर किया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में फैंस को बस से अफगानिस्तान टीम के जश्न की झलक भी मिली। यह खुशी और जश्न का माहौल था क्योंकि बैकग्राउंड में ब्रावो का मशहूर चैंपियन गाना बज रहा था। पूरी टीम ने गाने की मधुर धुनों पर डांस किया और साथ ही हुक-स्टेप भी किए, जो फैंस के बीच वास्तव में लोकप्रिय रहा है।



**अफगानिस्तान के लिए ऐतिहासिक दिन** - अफगानिस्तान 2022 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब आ चुकी थी, लेकिन उसे जीत तीसरी कोशिश में जीत मिली। इसी के साथ टी-20 इंटनेशनल में ऑस्ट्रेलिया की लगातार आठ जीत का सिलसिला भी टूट गया। अफगानिस्तान के लिए जीत की नींव सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने रखी, जिन्होंने मुश्किल पिच पर पहले विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी की। पैट कमिंस की हैट्रिक ने अफगानिस्तान को 148 रन पर रोक दिया। बाद में अनुभवी मीडियम पेसर गुलबदीन नईब की अगुवाई में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। गुलबदीन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-0-4-20 के आंकड़े के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**बदल गया सेमीफाइनल का सिनारियो** - अब टूर्नामेंट का सुपर आठ राउंड खत्म होने में सिर्फ चार मैच ही बचे हैं। ऐसे में ग्रुप-1 में, भारत चार अंकों और 2.425 के नेट रन रेट के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जिसका टॉप-4 में पहुंचना तय माना जा रहा है। सोमवार को सेंट लूसिया में अगर ऑस्ट्रेलिया बड़े अंतर से भारत को हराता है तो वे भारत से आगे निकल जाएगा और यदि अफगानिस्तान सेंट विंसेंट में बांग्लादेश पर भारी अंतर से जीतते हैं तो वे भी आगे निकल सकते हैं। अगर भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करता है तो वे अपना सेमीफाइनल मैच 27 जून को गयाना में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए हालात बेहद खराब हैं क्योंकि वह दो अंक पर है और अफगानिस्तान से करारी हार के बाद उसका नेट रन रेट +0.223 हो गया है।

## नाडा ने बजरंग पूनिया को फिर निलंबित किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था।



नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए मूत्र के नमूने नहीं दिए थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा की डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा कि यह आपके लिए औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2.3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थाई रूप से निलंबित हैं। पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

## हम बहुत स्मार्ट हैं, हम बल्ले और गेंद से अच्छे रहे : रोहित शर्मा

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया टूर्नामेंट में अजेय बनी हुई है। टीम इंडिया का सेमीफाइनल लगभग तय हो गया है। लेकिन उन्हें इसे पक्का करने के लिए



गुयाना के मैदान पर उतरना ही होगा। क्या कोई उन्हें रोक सकता है? यह टूर्नामेंट के आगे बढ़ने पर हमें पता चल जाएगा। वहीं, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बांग्लादेश के खिलाफ अहम जीत दर्ज करने के बाद अपने खिलाड़ियों की तारीफ की है। रोहित ने साफ शब्दों मे कहा कि सभी खिलाड़ियों का मिला जुला प्रदर्शन ही उन्हें आगे लेकर जा रहा है।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद बल्लेबाजी में आक्रमण रुख अपनाने पर कहा कि मैं लंबे समय से इस बारे में बात कर रहा हूं। हमें मैदान पर जाकर अपना काम करना होगा। आज सब कुछ ध्यान में रखते हुए हमने परिस्थितियों के अनुरूप ढलकर वास्तव में अच्छा खेला। यहां थोड़ा हवा का प्रभाव है, कुल मिलाकर हम बहुत स्मार्ट हैं, कुल मिलाकर हम बल्ले और गेंद से अच्छे थे। सभी 8 बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभानी होगी, चाहे वह कुछ भी हो। हमने देखा कि एक खिलाड़ी ने 50 रन बनाए और अब हम 197 रन तक पहुंचे।

रोहित ने कहा कि टी20 में मुझे नहीं लगता कि हमें अर्द्धशतक और शतक बनाने की जरूरत है, मायने यह रखता है कि आप गेंदबाजों पर कितना दबाव डालते हैं। शुरू से ही सभी बल्लेबाज इसी तरह खेले। टीम में काफी अनुभव है। वहीं, हार्दिकि के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि मैंने पिछले गेम में भी कहा था, उसकी अच्छी बल्लेबाजी हमें अच्छी स्थिति में लाती है। हम शीर्ष 5, 6 के बाद अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम जानते हैं कि हार्दिक क्या करने में सक्षम है। वह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, अगर वह ऐसा करना जारी रखता है तो यह हमें अच्छी स्थिति में पहुंचा देगा। उत्साह और अगर हम गेंदबाज के साथ कुछ चर्चा करते हैं और जब वह सामने आता है, तो यह अच्छा है।

## मुंबई में तब नींद नहीं आई थी, अब अच्छे से सो पाऊंगा: राशिद खान

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** ग्लेन मैक्सवेल के ऐतिहासिक दोहरे शतक ने राशिद खान को पिछले साल नवंबर में मुंबई में एकदिवसीय विश्व कप मैच के बाद सोने नहीं दिया था, लेकिन अफगानिस्तान के कप्तान ने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खुशी से पूरी रात जागने से कोई शिकायत नहीं है। अफगानिस्तान ने सुपर 8 चरण के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। इस जीत से टीम मुंबई की कड़वी यादों पीछे छोड़ने की कोशिश करेगी।

पिछले साल नवंबर में एकदिवसीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने 91 रन पर 7 विकेट गंवाने के बाद जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। इस मैच में मैक्सवेल ने चोटिल होने के बावजूद 128 गेंद में 21 चौके और 10 छक्के की मदद से नाबाद 201 रन की बेहतरीन पारी खेली थी।

राशिद ने टी20 विश्व कप में उलटफेर करने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मैं अब अच्छे से सो पाउंगा। उस रात को मैं ठीक से सोने नहीं सका



था। उस मैच की यादें हमेशा हमारे दिमाग में रहेगी। जाहिर है, मैं उस (सात नवंबर 2023) पूरी रात सो नहीं पाया था। लग रहा है कि आज भी ऐसा ही होगा। आज खुशी के मारे सो नहीं पाऊंगा। आज पूरी टीम खुश है। उन्होंने कहा कि युद्ध की मार झेल रहे देश के लोगों को जीत से जश्न मनाने का मौका मिलेगा।

अंतरराष्टीय क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की पहली जीत के बाद राशिद ने कहा कि एक टीम, एक राष्ट के रूप में यह हमारे लिए एक बड़ी जीत है। यह सिर्फ द्विपक्षीय खेल जैसा नहीं है. यह विश्व कप का मैच है और निश्चित रूप से विश्व कप में आप सर्वश्रेष्ठ टीम को हरा रहे हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी टीम 2021 विश्व कप के विजेता हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की टीम को हराना यह आपको हमेशा बहुत अधिक ऊर्जा देता है और आपको सोने भी नहीं देता है।

उन्होंने कहा कि मैंने पहले कहा था अफगानिस्तान में क्रिकेट लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का एकमात्र स्रोत है। वहां लोग इसी का जश्न मना सकते हैं। मुझे ऐसा लगता है कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम यहां अपने घर में लोगों को यह खुशी दे रहे हैं। हम शायद ही अपने घर में इस तरह के आयोजन देखते हैं जहां वे जश्न मना सकें और उन पलों का आनंद उठा सकें। यह कुछ ऐसा है जो वास्तव में मुझे संतुष्ट करता है। भारतीय टीम ने अगर अपने अगले मैच में ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हरा दिया तो अफगानिस्तान के पास सुपर आठ में पहुंचने का मौका होगा।

### ज्वेरेव को हराकर ह्यूबर्ट हर्काज हाले के फ़ाइनल में

**हाले, एजेंसी।** पूर्व चैंपियन ह्यूबर्ट हर्काज ने शनिवार को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर टेरा वोर्टमैन ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। हर्काज ने ज्वेरेव को 7-6(2), 6-4 से हराया और अब वह सत्र के अपने दूसरे खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। पांचवीं सीड पोलिश खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव के खिलाफ 17 एस लगाए और सभी चार ब्रेक अंकों को बचाया। उन्होंने इस जीत के साथ अपनी पांचवीं टॉप 10 ग्रास कोर्ट जीत हासिल की। एक घंटे 33 मिनट की जीत के साथ हर्काज ने ज्वेरेव के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में अपना रिकॉर्ड 1-3 कर लिया है। यह उनका 11 वां टूर स्तर फ़ाइनल है और वह अपने नौवें एटीपी टूर खिताब की उम्मीद करेंगे जब उनका रविवार को टॉप सीड जानिक सिनर या चीन के झांग झीझेन से मुकाबला होगा।

## मैं ईट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करता हूं : कुलदीप यादव

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** कुलदीप यादव टी20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है । पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने 2 मैचों में 5 विकेट ले लिए हैं जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को मिले तीन विकेट शामिल है। कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी स्पिनर के लिए लैंग्थ काफी मायने रखती है। इस प्रारूप में तो आपको यह भांपना ही होता है कि बल्लेबाज क्या करने की सोच रहा है। इसके लिए काफी आक्रामक होना पड़ा है। मुझे आईपीएल में भी इससे मदद मिली और अब टी20 विश्व कप में भी। अब आस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को उन्हें सबसे कठिन परीक्षा से गुजरना है। यह पूछने पर कि बल्लेबाज जब चौके छक्के लगाने की फिराक में होते हैं, वह अपनी रणनीति पर कैसे अडिग रह पाते हैं।



उन्होंने कहा कि जब सामने वाली टीम को प्रति ओवर 10 या 12 रन चाहिए और बल्लेबाज आपकी गेंदों की धुनाई करने को आतुर हों तो सिर्फ लैंग्थ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब वह आप पर हमले की कोशिश करें तो आपके पास रणनीति होनी चाहिए। ऐसे में विकेट लेने की संभावना अधिक होती है।

कुलदीप ने संकेत दिया कि उन्हें वेस्टइंडीज में टीम संयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका में नहीं खेला। मैं वहां 12वां खिलाड़ी था और ड्रिंक्स लेकर जा रहा था। यह खेलने जैसा ही था। मैंने वहां गेंदबाजी नहीं की लेकिन करना चाहता था। उन्होंने कहा कि वहां विकेट आस्ट्रेलिया की तरह था। मैंने यहां 2017 में टी20 और वनडे में पदार्पण किया और मुझे हालात का पता था। स्पिनर के लिए यहां गेंदबाजी करना अच्छा अनुभव है।

## बॉल निकालने के लिए स्टेज के नीचे घुस गए विराट कोहली

**एंटीगुआ (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर अपनी अदाओं के कारण चर्चा में रहे हैं। एंटीगुआ के मैदान पर जब भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 8 का अहम मुकाबला खेल रही थी तब भी विराट चर्चा में रहे। हुआ यूं कि कोहली बाऊंड्री रोप पर फील्डिंग कर रहे थे। 18वें ओवर में रियाद महमुदुल्लाह ने एक जोरदार छक्का लगाया जो मैदान के बाहर चला गया। गेंद बाऊंड्री रोप से बाहर बनी एक छोटी सी स्टेज के नीचे चली गई। क्योंकि वहां कोई बॉल ब्वॉय नहीं था ऐसे में विराट खुद ही गेंद लेने के लिए निकले। गेंद स्टेज के नीचे थे ऐसे में विराट झुके और अंदर घुसते हुए गेंद निकाल लाए। विराट की यह अदा क्रिकेट फैंस को बेहद पसंद आई। घटनाक्रम की वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो फैंस ने इसपर जमकर प्यार बरसाया।



**विश्व कप में विराट कोहली बना चुके 3000 रन** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एंटीगुआ में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन बनाने के साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के मौजूदा संस्करण में खराब प्रदर्शन के कारण निंदा झेल रहे कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 28 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 37 रनों की पारी खेली। कोहली अब टी20 और वनडे विश्व कप के इतिहास में 3000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैच से पहले विराट को इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए 35 रनों की जरूरत थी। देखें आंकड़े-

### टी20 और वनडे विश्व कप में सर्वाधिक रन

1. विराट कोहली = 3002 रन
2. रोहित शर्मा= 2637 रन
3. डेविड वार्नर= 2502 रन
4. सचिन तेंदुलकर= 2278 रन
5. कुमार संगकारा= 2193 रन

# मणिद्वीप की अधिष्ठात्री भुवनेश्वरी देवी



देवी भागवत में वर्णित मणिद्वीप की अधिष्ठात्री देवी ह्ल्लेखा मंत्र की स्वरूपा शक्ति और सृष्टि में महालक्ष्मी स्वरूपा आदिशक्ति भगवती भुवनेश्वरी भगवान शिव के समस्त लीला विलास की सहचरी हैं। जगदम्बा भुवनेश्वरी का स्वरूप सौम्य और अंगकान्ति अरुण है। भक्तों को अभय और समस्त सिद्धियां प्रदान करना इनका स्वाभाविक गुण है। दशमहाविद्याओं में ये पांचवें स्थान पर परिगणित हैं। देवी पुराण के अनुसार मूल प्रकृति का दूसरा नाम ही भुवनेश्वरी है। ईश्वर रात्रि में जब ईश्वर के जगद्रूप व्यवहार का लोप हो जाता है, उस समय केवल ब्रह्म अपनी अव्यक्त प्रकृति के साथ शेष रहता है, तब ईश्वर रात्रि की अधिष्ठात्री देवी भुवनेश्वरी कहलाती हैं। अंकुश और पाश इनके मुख्य आयुध हैं। अंकुश नियंत्रण का प्रतीक है और पाश राग अथवा आसक्ति का प्रतीक है। इस प्रकार सर्वरूपा मूल प्रकृति ही भुवनेश्वरी हैं, जो विश्व को वमन करने के कारण वामा, शिवमयी होने से ज्येष्ठा तथा कर्म नियंत्रण, फलदान और जीवों को दंडित करने के कारण रौद्री कही जाती हैं। भगवान शिव का वाम भाग ही भुवनेश्वरी कहलाता है। भुवनेश्वरी के संग से ही भुवनेश्वर सदाशिव को सर्वेश होने की योग्यता प्राप्त होती है।महानिर्वाण तंत्र के अनुसार संपूर्ण महाविद्याएं भगवती भुवनेश्वरी की सेवा में सदा संलग्न रहती हैं। सात करोड़ महामंत्र इनकी सदा आराधना करते हैं। दशमहाविद्याएं ही दस सोपान हैं। काली तत्व से निर्गत होकर कमला तत्व तक की दस स्थितियां हैं, जिनसे अव्यक्त भुवनेश्वरी व्यक्त होकर ब्रह्मांड का रूप धारण कर सकती है तथा प्रलय में कमला से अर्थात व्यक्त जगत से क्रमशः लय होकर कालीरूप में मूल प्रकृति जाती हैं। इसलिये इन्हें काल की जन्मदात्री भी कहा जाता है। दुर्गासप्तशती के ग्यारहवें अध्याय के मंगलाचरण में भी कहा गया है कि मैं भुवनेश्वरी देवी का ध्यान करता हूं। उनके श्रीअंगों की शोभा प्रातःकाल के सूर्यदेव के समान अरुणाभ है। उनके मस्तक पर चंद्रमा का मुकुट है। तीन नेत्रों से युक्त देवी के मुख पर मुस्कान की छटा छायी रहती है। उनके हाथों में पाश, अंकुश, वरद एवं अभय मुद्रा शोभा पाते हैं। इस प्रकार बृहन्नीलतंत्र की यह धारणा पुराणों के विवरणों से भी पुष्ट होती है कि प्रकारान्तर से काली और भुवनेशी दोनों में अभेद है। अव्यक्त प्रकृति भुवनेश्वरी ही रक्तवर्णा काली हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गम नामक दैत्य के अत्याचार से संतप्त होकर देवताओं और ब्राह्मणों ने हिमालय पर सर्वकारण स्वरूपा भगवती भुवनेश्वरी की ही आराधना की थी। उनकी आराधना से प्रसन्न होकर भगवती भुवनेश्वरी तत्काल प्रकट हो गयीं। वे अपने हाथों में बाण, कमल पुष्प तथा शाक मूल लिये हुए थीं। उन्होंने अपने नेत्रों से अश्रुजल की सहस्त्रों धाराएं प्रकट कीं। इस जल से भूमण्डल के सभी प्राणी तृप्त हो गये। समुद्रों तथा सरिताओं में अगाध जल भर गया और समस्त औषधियां सिंच गयीं। अपने हाथ में लिये गये शाकों और फल मूल से प्राणियों का पोषण करने के कारण भगवती भुवनेश्वरी ही शताक्षी और शाकम्भरी नाम से विख्यात हुईं। इन्होंने ही दुर्गमासुर को युद्ध में मारकर उसके द्वारा अपहृत वेदों को देवताओं को पुनः सौंपा था। उसके बाद भगवती भुवनेश्वरी का एक नाम दुर्गा प्रसिद्ध हुआ। भगवती भुवनेश्वरी की उपासना पुत्र प्राप्ति के लिए विशेष फलप्रदा है। रुद्रयामल में इनका कवच, नीलसरस्वती तंत्र में इनका हृदय तथा महातन्त्रार्णव में इनका सहस्त्रनाम संकलित है।



# शिव की शक्ति हैं षोडशी देवी

षोडशी माहेश्वरी शक्ति की सबसे मनोहर श्रीविग्रहवाली सिद्ध देवी हैं। महाविद्याओं में इनका चौथा स्थान है। सोलह अक्षरों के मंत्रवाली इन देवी की अंगकांति उदीयमान सूर्यमण्डल की आभा की भांति है। इनकी चार भुजाएं एवं तीन नेत्र हैं। ये शांतमुद्रा में लेटे हुए सदाशिव पर स्थित कमल के आसन पर आसीन हैं। इनके चारों हाथों में क्रमशः पाश, अंकुश, धनुष और बाण सुशोभित हैं। वर देने के लिए सदा सर्वदा तत्पर भगवती का श्रीविग्रह सौम्य और हृदय दया से आपूरित है। जो इनका आश्रय ग्रहण कर लेते हैं, उनमें और ईश्वर में कोई भेद नहीं रह जाता है। वस्तुतः इनकी महिमा अवर्णनीय है। संसार के समस्त मंत्र तंत्र इनकी आराधना करते हैं। वेद भी इनका वर्णन करने में असमर्थ हैं। भक्तों को ये प्रसन्न होकर सब कुछ दे देती हैं, अभीष्ट तो सीमित अर्थवाच्य है।

प्रशान्त हिरण्यगर्भ ही शिव हैं और उन्हीं की शक्ति षोडशी हैं। तन्त्रशास्त्रों में षोडशी देवी को पंचवक्त्र अर्थात पांच मुखों वाली बताया गया है। चारों दिशाओं में चार और एक ऊपर की ओर मुख होने से इन्हें पंचवक्त्रा कहा जाता है। देवी के पांचों मुख तत्पुरुष, सद्योजात, वामदेव अघोर और ईशान शिव के पांचों रूपों के प्रतीक हैं। पांचों दिशाओं के रंग क्रमशः हरित, रक्त, धूम्र, नील और पीत होने से ये मुख भी उन्हीं रंगों के हैं। देवी के दस हाथों में क्रमशः अभय, टंक, शूल, वज्र, पाश, खड्ग, अंकुश, घण्टा, नाग और अग्नि हैं। इनमें षोडश कलाएं पूर्ण रूप से विकसित हैं, अतएव ये षोडशी कहलाती हैं।

षोडशी को श्रीविद्या भी माना जाता है। इनके ललिता, राज राजेश्वरी, महात्रिपुरसुन्दरी, बालापंचदशी आदि अनेक नाम हैं। इन्हें आद्याशक्ति माना जाता है। अन्य विद्याएं भोग या मोक्ष में से एक ही देती हैं। ये अपने उपासक को भुक्ति और मुक्ति दोनों प्रदान करती हैं। इनके स्थूल, सूक्ष्म, पर तथा तुरीय चार रूप हैं।

एक बार पराम्बा पार्वतीजी ने भगवान शिव से पूछा- भगवन! आपके द्वारा प्रकाशित तन्त्रशास्त्र की साधना से जीवन के आधि व्याधि, शोक संताप, दीनता हीनता तो दूर हो जायेंगे, किन्तु गर्भवास और मरण के असह्य दुख की निवृत्ति तो इससे नहीं होगी। कृपा करके इस दुख से निवृत्ति और मोक्षपद की प्राप्ति का कोई उपाय बताइये। परम कल्याणमयी पराम्बा के अनुरोध पर भगवान शंकर ने षोडशी श्रीविद्या साधना प्रणाली को प्रकट किया। भगवान शंकराचार्य ने भी श्रीविद्या के रूप में इन्हीं षोडशी देवी की उपासना की थी। इसीलिये आज भी शांकरपीठों में भगवती षोडशी राजराजेश्वरी त्रिपुरसुन्दरी की श्रीयन्त्र के रूप में आराधना चली आ रही है। भगवान शंकराचार्य ने सौन्दर्यलहरी में षोडशी श्रीविद्या की स्तुति करते हुए कहा है कि अमृत के समुद्र में एक मणि का द्वीप है, जिसमें कल्पवृक्षों की बारी है, नवरत्नों के नौ परकोटे हैं, उस वन में चिन्तामणि से निर्मित महल में ब्रम्हमय सिंहासन है, जिसमें पंचकृत्य के देवता ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र और ईश्वर आसन के पाये हैं और सदाशिव फलक हैं। सदाशिव के नाभि से निर्गत कमल पर विराजमान भगवती षोडशी त्रिपुरसुन्दरी का जो ध्यान करते हैं, वे धन्य हैं। भगवती के प्रभाव से इन्हें भोग और मोक्ष दोनों सहज ही उपलब्ध हो जाते हैं। भैरवयामल तथा शक्तिलहरी में इनकी उपासना का विस्तृत परिचय मिलता है। दुर्वासा इनके परमाराधक थे। इनकी उपासना श्रीचक्र में होती है।

# लक्ष्मी का रूप है शुक्र ग्रह



**शुक्र ग्रह को वैदिक अथवा पश्चिमी ज्योतिषाचार्यों ने स्त्री ग्रह का दर्जा दिया है। शुक्र जनन सम्बन्धी रोग अधिक पैदा करता है। स्त्रियों में रज और पुरुषों में वह वीर्य का मालिक होता है। शुक्र जब खराब फल देता है तो जातक को प्रमेह मन्दबुद्धि वीर्य और रज विकार नपुंसकता और जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग होते हैं।**

यदि किसी प्रकार से दवाई के प्रयोग करने के बाद भी रोग का अन्त नहीं हो तो समझना चाहिए कि कुन्डली में शुक्र किसी न किसी प्रकार से खराब है और शुक्र का समय भी चल रहा होता है। शुक्र का प्रभाव जब अच्छा होता है तो जातक के पास जमीन जो खेती के काबिल होती है वह प्राप्त होती है, स्त्री सम्बन्धी सुख प्राप्त होता है, घर की सजावट संबंधी सामान आता है आदि।

शुक्र ग्रह के कारण पैदा किसी भी बीमारी के लिए जातक को भूत-डामर तंत्र के अनुसार तुलादान करना चाहिए। तुलादान में प्रयोग किए जाने वाले कारकों में सफ़ेद वस्त्र चावल फल पका हुआ स्वच्छ अन्न प्रयोग किया जाता है। जिन जातकों का जन्म 6 तारीख के जोड में हुआ हो वे शुक्र की पूजा अर्चना करने के बाद जाप करें तथा हीरा या जर्किन नामका पत्थर धारण करें। फ़िरोजा साढे पांच रत्ती का भी लाभदायक होता है। शुक्राचार्य ने भगवान विष्णु को वामन अवतार धारण करते वक्त पृथ्वी को दान में न देने के लिए अपनी एक आंख कमंडल में संकल्प के लिये जल नही आने देने के लिये फुड़वा ली थी। तभी से शुक्र का रूप एक आंख का माना जाता है। मान्यता है कि माया की एक आंख होती है वह या तो आती नहीं और आती है तो उसे टिकाने के लिए एक ही लक्ष्य को याद रखना पडता है अच्छा या फिर बुरा। जो व्यक्ति भोर का तारा यानी शुक्र के उदय के समय जागकर अपने नित्य कर्मों में लग जाता है वह लक्ष्मी का धारक बन जाता है और जो व्यक्ति सूर्योदय के समय जग कर अपने नित्य कर्मों के अन्दर लगता है वह संसार के साथ चल कर केवल पेट भरने का काम कर सकता है।

# भगवान की आकृति दर्शन करने का माध्यम है...



प्रत्येक आनुष्ठानिक पूजा-भजन की समाप्ति पर अथवा साधु-महात्मा का स्वागत करते समय हम आरती उतारते हैं। इसके बाद घंटी बजाई जाती है, कई बार भजन गाया जाता है और वाद्य-संगीत तथा ताली भी बजती रहती है। आरती पूजा-विधि के सोलह सोपानों में से एक है। इसका संबंध मंगलमय प्रकाश से है। जलता हुआ दीपक दाएं हाथ में लेकर भगवान की सम्पूर्ण आकृति को प्रकाशित करने के लिए दीपशिखा को दाई ओर से आरंभ करके गोलाकार ढंग से घुमाया जाता है। घूमते हुए प्रकाश के साथ-साथ हम मन ही मन या फिर बोल कर प्रार्थना करते रहते हैं अथवा दीपक के प्रकाश से प्रदीप्त भगवान की सुंदर आकृति को केवल निहारते रहते हैं। आरती के पश्चात हम अपने हाथ दीपक की लौ पर ले जाकर हल्के से अपनी आंखों को छू कर सिर के ऊपर लगाते हैं। इसका अर्थ है जिस प्रकाश ने भगवान की आकृति को प्रदीप्त किया वही मेरी अंतर्दृष्टि को प्रकाशित करें। मेरी दृष्टि दिव्य बने, विचार शुद्ध एवं सुंदर हों। प्रेम से भगवान की पूजा कर लेने पर अभिषेक, मूर्ति को सजाने और फल-भोजन आदि सणर्पित कर लेने पर हमें उनकी सुंदरता सम्पूर्ण रूप में दिखाई देती है।

# धन, संपदा, ऐश्वर्य और ख्याति को आमंत्रित करें...



अनुमानत: 35 वर्ष से अधिक से मैं श्री सूर्य नमस्कार कर रहा हूं। प्रभु ने मुझे जो सुखानुभूति दी है, वह मैं शब्दों में नहीं लिख सकता हूं, ठीक गूंगे को गुड़ का स्वाद न बता पाने की मनःस्थिति की तरह। भगवान श्री सूर्य नारायण प्रत्यक्ष देवता हैं। सृष्टि क्रम में इनका विशेष स्थान है। वैसे तो सूर्य के अनेक नाम (मंत्र) विभिन्न योग-मुद्राओं के साथ जप करने का विधान है परंतु सरलतम उपाय है नाड़ी शोधन करके सूर्य के 12 मंत्रों से सूर्य को अर्ध्य देना। प्राणायाम के द्वारा जिसका निःशेष मन धुल गया है, ऐसा मन ही ब्रह्म में स्थित है। अतः सर्वप्रथम सूर्य के सम्मुख नाड़ी शोधन करने का प्रयास करें। ऐसा करने से ही प्राणायाम करने की शक्ति प्राप्त होती है। अपने अंगूठे से दाहिने नथुने को दबा कर बाएं नथुने से अपनी शक्ति के अनुसार श्वास खींचें, फिर तुरंत बाएं नथुने को दबा कर दाहिने से श्वास धीरे-धीरे बाहर निकाल दें। इसी प्रकार धीरे-धीरे दाहिने नथुने से श्वास खींच कर पूरी तरह फेफड़ों को वायु से भर लें और दाहिना नथुना दबाकर बाएं से श्वास धीरे-धीरे बाहर फेंक दें। इस प्रकार रुक-रुक कर अपने सामर्थ्यानुसार 3, 5 अथवा अधिक आवृत्तियां पूरी करें। ध्यान को अंदर ही केंद्रित करें। कुछ ही समय में आपकी अंतःनाड़ी शुद्धि हो जाएगी। नाड़ी शोधन के बाद सूर्य देव के सम्मुख जल के किसी पात्र से 12 बार ऐसे जल छोड़ें कि सूर्य की रश्मियां जल से छन कर आपके पूरे शरीर का स्पर्श करें। प्रत्येक अर्ध्य देने से पूर्व सूर्य का एकनाम (मंत्र) जपें)

## सूर्य के 12 प्रभावी मंत्र हैं

1. मित्राय नमः 2. रवये नमः 3. सूर्याय नमः 4. भानवे नमः 5. खगाय नमः 6. पूष्णे नमः 7. हिरण्यगर्भाय नमः 8. मरीचये नमः 9. आदित्याय नमः 10. सवित्रे नमः 11. अर्घाय नमः 12. भास्कराय नमः।

अंतिम मंत्र जप तथा अर्ध्य के बाद दाएं हाथ की सूर्य उंगली अर्थात अनामिका से अर्घ्य से नीचे गिरे जल को स्पर्श कर अपने आज्ञा चक्र पर लगा कर उसे चैतन्य करें। दोनों हाथों को आपस में रगड़कर उत्पन्न हुई ऊर्जा को चेहरे पर फेर कर उसे कांतिमय बनाएं। हाथों की रेखाओं को देखें। ऐसा भाव जगाएं कि सारी रेखाएं ऊर्ध्वगामी हो रही हैं। इससे सूर्य रेखा व भाग्य रेखा प्रबल होगी। जिस व्यक्ति की ये दोनों रेखाएं प्रबल हो जाएं तो फिर धन, संपदा, ऐश्वर्य, ख्याति आदि उससे कहां दूर रह जाएगी।



# दिव्या खोसला स्टारर फिल्म हीरो हीरोइन में नजर आएंगी प्रियंका चाहर चौधरी

**एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं।**

प्रियंका ने कहा कि मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है।

प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आई।



# कल्कि 2898 एडी में उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

कल्कि 2898 एडी का दूसरा ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जिसे देखने के बाद दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस ट्रेलर को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और दर्शकों को उम्मीद है कि बस चंद दिनों में कुछ अलग देखने को मिलेगा। देखने की बात चली है तो बता दें कि फिल्म के नए ट्रेलर में एक नया किरदार भी देखने को मिला है, जिसके बारे में अब तक कहीं कोई चर्चा नहीं हो रही थी।

## उत्तरा का किरदार निभा रही हैं मालविका नायर

दरअसल, कल्कि 2898 एडी के नए ट्रेलर में अभिनेत्री मालविका नायर की भी झलक देखने को मिली है, जिसके बाद अब उनके किरदार को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि मालविका इस फिल्म में महाभारत की उत्तरा का किरदार निभा रही हैं, जो अर्जुन के बेटे अभिमन्यु की पत्नी होती हैं। ट्रेलर में उन पर ब्रह्मास्त्र के जरिए हमला होता हुआ दिखाई देता है। बता दें कि अश्वत्थामा उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाता है क्योंकि वो पांडवों को नहीं मार पाता है। बाद में, भगवान कृष्ण उसके बच्चे की जान बचाते हैं।

## 27 जून को होगी रिलीज

कल्कि 2898 एडी का निर्देशन नाग अश्विन ने किया है। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। फिल्म 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, दिशा पाटनी और कमल हासन मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज द्वारा किया गया है। संतोष नारायणन ने फिल्म का संगीत तैयार किया है। यह एक काफी लंबी फिल्म है, जिसकी अवधि 3 घंटे और 56 सेकेंड है। फिल्म सेंसर बोर्ड से हरी झंडी पा चुकी है। इसे यू/ए प्रमाण पत्र दिया गया है।



# हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुलती हैं

हिन्दी सिनेमा में पिछले एक दशक से एक ऐसा चरित्र अभिनेता उभरा है, जिसने अपने अभिनय के दम पर दर्शकों को आकर्षित करने में बड़ी कामयाबी प्राप्त की है। उसकी अभिनय क्षमता ने निर्देशकों को उसके लिए भूमिकाएँ लिखने को मजबूर किया है। इस अभिनेता ने न सिर्फ फिल्मों में अपितु वेब सीरीज में अपनी एक अलग पहचान कायम की है। यह अभिनेता हैं पंकज त्रिपाठी, जो इन दिनों अपनी वेब सीरीज मिर्जापुर 3 को लेकर चर्चाओं में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर एक भव्य कार्यक्रम में लांच किया गया था। पंकज त्रिपाठी ने मुंबई के बांद्रा में मिर्जापुर के तीसरे सीजन के ट्रेलर लॉन्च में कहा है कि अभिनेता सिर्फ कठपुतली होते हैं और वही करते हैं जो लेखक या निर्देशक उनसे कहते हैं। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर लॉन्च में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेनयुली, हर्षिता शेखर गौर और शीबा चड्ढा के साथ शामिल हुए। पंकज त्रिपाठी ने एमसी से कहा, हम अभिनेता सिर्फ कठपुतली हैं। लेखक और निर्देशक शो चलाते हैं और कहानी को अच्छे तारीके से पेश करते हैं। अभिनेता के रूप में, हम वही करते हैं जो हमें बताया जाता है या जो हमें करने को कहा जाता है। इसके बाद अभिनेता ने बयान में थोड़ा सुधार किया और आगे कहा, चलिए... टीक है, जैसा ऊपर वाला हमसे करवा रहा है और हम कर रहे हैं, हम जिंदगी भी भगवान के हिसाब जी रहे हैं। मैं इसलिए ऐसा कह रहा हूं क्योंकि हम सब किसी न किसी के हाथ की कठपुतली हैं। मुझे लगता है कि सब लोग अपनी-अपनी जगह सही हैं। मिर्जापुर सीजन 3 में पंकज त्रिपाठी, अली फजल, श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार, अंजुम शर्मा, प्रियांशु पेंथुली, हर्षिता शेखर गौड़, राजेश तैलंग, शीबा चड्ढा, प्रमोद पाठक, शेरनवाज जिजिना, मेघना मलिक, मनु ऋषि चड्ढा, नेहा सरगम, लिलिपुट फारूकी, अलका अमीन, अनंग्शा बिस्वास, शाहनवाज प्रधान, रोहित तिवारी, प्रशंसा शर्मा, अनिल जॉर्ज एक बार फिर धमाका करते नजर आने वाले हैं।



# साई केतन राव ने अभिनय के लिए छोड़ दी थी अच्छी खासी नौकरी

बिग बॉस ओटीटी 3 के प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। आइए जानते हैं कैसे और कहां से शुरू हुआ बिग बॉस ओटीटी 3 के इस प्रतिभागी का ये सफर।

## अभिनय के लिए छोड़ी नौकरी

साई केतन राव का ताल्लुक महाराष्ट्र के लोनावाला से है। उनका जन्म यहीं के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। हालांकि, वह तेलांगना, हैदराबाद में जा कर बस गए। उनके पिता एक आर्किटेक्ट हैं और उनकी मां न्यूट्रिशनिस्ट हैं। साई ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक और फिर एमबीए किया। इसके बाद उन्होंने एक ऑस्ट्रेलियन कंपनी में नौकरी शुरु की, लेकिन बचपन से ही उन्हें अभिनय से लगाव था। इस वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ रामानायडू फिल्म स्कूल में दाखिला लिया। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने शॉर्ट फिल्मों से शुरुआत की। अभी उनकी अपनी एक प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम ऑरम मोशन पिक्चर्स है।

## मेंहदी है रचने वाली से टीवी पर मिली पहचान

साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो मेंहदी है रचने वाली में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने चाशनी और इमली जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने थ्री हाफ बॉटल्स, लव स्टूडियो, लवली, अहम ब्रह्मास्मि, स्ट्रेंजर्स आदि सीरीज में काम किया है।

# चंदू चैंपियन की मुरीद हुईं विद्या



विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन देखी और उन्हें ये खूब पसंद भी आई और अब उन्होंने इसकी समीक्षा की है। विद्या फिल्म की स्क्रीनिंग में भी शामिल हुई थीं, अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कार्तिक और फिल्म की तारीफ की। विद्या ने चंदू चैंपियन की मनोरंजक कहानी के लिए कार्तिक आर्यन और कबीर खान की सराहना की और प्यार भी लुटाया। उन्होंने सभी को पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर की इस रोमांचक कहानी को देखने की सलाह दी, उन्होंने कार्तिक की मेहनत को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि वे कहानी देख के चौंक गई, क्योंकि वह प्रेरणादायक थी और कार्तिक को अपना प्यार भेजा और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुझे फिल्म की कहानी बहुत पसंद आई और कार्तिक ने बहुत मेहनत की है और ऐसे ही वे आगे बढ़ते रहें।

# इमरान हाशमी ने ठुकराया था आशिकी 2 का ऑफर



आशिकी 2 फिल्म से श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी ने जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म के गाने इतने कमाल के थे कि लोग आज भी उन्हें सुनते हैं। आशिकी 2 से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि आदित्य रॉय कपूर इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे। उनके द्वारा निभाए गए राहुल के रोल के लिए पहले इमरान हाशमी से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने यह किरदार निभाने से मना कर दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान का मानना था कि इस फिल्म की कहानी के हिसाब से किसी नए अभिनेता को लेना ज्यादा सही रहेगा बाद में, जब फिल्म रिलीज हुई तो इमरान हाशमी की बात एकदम सही साबित हुई।



# रौतू का राज में फिर पुलिस ऑफिसर बनकर लौटे नवाजुद्दीन

**कहानी, रईस और रात अकेली है के बाद नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस ऑफिसर के किरदार में फिल्म रौतू का राज' में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 28 जून से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अलावा राजेश कुमार ने भी अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर नवाजुद्दीन ने खास बातचीत के दौरान दिलचस्प बातों का खुलासा किया।**

नवाज ने बताया कि एक बार कमल हासन ने एक ऐसा टास्क दे दिया था कि उनकी रातें खराब हो गई थी। लेकिन बाद में उन्हें समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उनके टास्क के वजह से एक ही किरदार को अगल- अलग तरीके से निभाने की प्रेरणा मिली।

## नवाज भाई आप बताए, इस फिल्म में ऐसी कौन सी बात आपको खास लगी?

इस फिल्म का किरदार मुझे काफी अलग लगा। हालांकि मैंने पहले भी कॉप के किरदार निभाए हैं। लेकिन इस फिल्म में कॉप का जो किरदार है, वो अंदर से बहुत अलग इंसान है। इन्वेस्टिगेशन के माध्यम से जब वो प्योरिटी की तरफ जाता है। उसमें आग नजर आता है। वह मुझे बहुत अच्छा लगा। फिल्म की राइटिंग बहुत इंट्रेस्टिंग है।

## आपको वर्दी वाले किरदार में देखना दर्शक भी बहुत पसंद करते हैं, यह किरदार आप पर सूट भी बहुत करता है?

ऐसी बात इसलिए हो रही है, क्योंकि यह फिल्म आ रही है। पहले गैंगस्टर की फिल्में आती थी तो लोग कहते थे कि गैंगस्टर के रोल में अच्छे लग रहे हैं। जब आप एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से करते हैं, तो उसमें आपकी स्किल देखी जाती है। इसी स्किल के चक्कर में एक बार कमल हासन साहब ने एक बड़ा टास्क दे दिया था।

## क्या था वह टास्क?

एक बार मैं कमल हसन साहब के साथ बैठा हुआ था। यह बहुत पहले की बात है। कमल सर जब 'अभय' और 'हे राम' फिल्म के दौरान मुंबई आते थे तो मुझे और स्वानंद को बुला लेते थे। हम लोग एक्टिंग पर डिस्कस करते थे। मैंने कमल सर को तुगलग प्ले की स्पीच सुनाई। स्पीच सुनने के बाद कमल जी ने एक टास्क दिया। वो बोले कि अगली बार जब मिलेंगे तो इसके पांच वर्जन सुनाना। मैं यह सुनकर शॉक्ड हो गया। वो बोलकर चले गए और हमारी रातें खराब हो गई। लेकिन हमें बाद में समझ आया कि ऐसा उन्होंने क्यों कहा था। उसी वजह से आज एक ही किरदार को अलग- अलग तरीके से निभा पाता हूं।

## दीपक नेगी के किरदार के लिए किस तरह की तैयारी करनी पड़ी?

मैंने इस किरदार के लिए कुछ ज्यादा तैयारी नहीं की थी। जिस गांव में फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। जब वहां पहुंचे तो हमारी बॉडी खुद ही रिएक्ट करने लगी। हमें वहां एक्टिंग करने की जरूरत ही नहीं पड़ी। सीन की जैसी डिमांड थी, हम वैसा ही कर रहे थे। हमें लग रहा था कि बात ही तो कर रहे हैं और कैमरा हमें फॉलो कर रहा है।

## इस फिल्म की यूएसपी क्या है?

यह ऐसी थ्रिलर फिल्म है, जिसमें ड्रामा नहीं है। एकदम स्लो मोमेंट में फिल्म की कहानी चलती रहती है। यही इस फिल्म की खूबसूरती है। इसमें किरदार भी मुझे इसलिए पसंद आया, क्योंकि इन्वेस्टिगेशन करते- करते उसकी खुद की कंप्लीसिटी उसके साथ चलती है। जिन चीजों से वह काफी समय से जूझ रहा था इन्वेस्टिगेशन के साथ-साथ वह भी पूरा होता है।

# बिग बॉस ओटीटी 3 को लेकर मन्नारा एक्साइटेड



बिग बॉस ओटीटी 3 का आज रात प्रीमियर हो गया है। फैंस के साथ-साथ मन्नारा भी इस सीजन के लिए काफी एक्साइटेड हैं।

हाल ही में, मन्नारा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मन्नारा से पूछा गया कि इस बार की सीजन कैसा होने वाला है। इस पर मन्नारा ने कहा, शो झक्कास होने वाला है, बस इस बार शो में कपल्स न आए। फैंस भी मन्नरा की इस बात पर अपनी सहमति जता रहे हैं।

# नोएडा प्राधिकरण का 13 बिल्डरों को नोटिस

## सुपरटेक, एटीएस और लॉजिक्स पर 8 करोड़ रुपये का बकाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की एक नई पहल से शहर के 30 हजार से अधिक फ्लैट खरीदारों को अपने घरों का मालिकाना हक मिलने की उम्मीद जगी है। प्राधिकरण ने 13 बिल्डरों को नोटिस जारी किया है, जिनके मामले राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में चल रहे हैं। साथ ही प्राधिकरण ने एक शर्त रखी है कि यदि ये बिल्डर एनसीएलटी और अदालत से अपने मामले वापस लेते हैं, तो उनके बकाया का पुनर्निर्धारण किया जा सकता है। यह पुनर्निर्धारण नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत की सिफारिशों के अनुरूप होगा। इस कदम से फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री का रास्ता साफ हो सकता है।



एनसीएलटी और अदालती मामलों में शामिल बिल्डरों पर लगभग 21 हजार करोड़ रुपये का बकाया है। प्राधिकरण ने पहले चरण में 8 हजार करोड़ रुपये के बकायेदार बिल्डरों को नोटिस जारी किया है। इनमें से केवल तीन बिल्डर- एटीएस, सुपरटेक और लॉजिक्स पर ही 7,786 करोड़ रुपये का बकाया है। वहीं, वर्तमान में एनसीएलटी में 17 प्रोजेक्ट्स के मामले लंबित हैं, जिनमें लगभग 25 से 30 हजार फ्लैट खरीदार शामिल हैं। इसके अलावा स्पोर्ट्स सिटी में भी करीब 15 हजार फ्लैट खरीदार हैं, जो प्रमुख रूप से सेक्टर-78, 79, 150 और 152 में स्थित हैं। यहां बिल्डरों को तब तक अधिभोग प्रमाणपत्र नहीं मिलेगा, जब तक वे खेल सुविधाओं का विकास नहीं कर लेते।

नोएडा प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने 13 बिल्डरों को 8,510.69 करोड़ रुपये से अधिक के बकाये के लिए नोटिस जारी किया है। उन्हें 15 दिनों के भीतर जवाब देना होगा। यदि वे एनसीएलटी और अदालत से अपने मामले वापस लेते हैं, तो सभी लाभान्वित हो सकते हैं। नोटिस प्राप्त करने वाले प्रमुख बिल्डरों में एटीएस होम्स (640.46 करोड़), एटीएस इंफ्रा टेक (697.76 करोड़), एटीएस हाइट (2,129.88 करोड़), सुपरटेक रियलटर्स (2,245.81 करोड़), सुपरटेक लिमिटेड (815.73 करोड़), लॉजिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड (446.44 करोड़), लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स (666.80 करोड़), थ्री सी (572.51 करोड़), सेलेरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर (178.65 करोड़), एलीसिट रियलटेक (73.28 करोड़), एक्सप्लिसिट एस्टेट्स (51.17 करोड़) और एबेट बिल्डकॉन (27.67 करोड़) शामिल हैं।

अमिताभ कांत की सिफारिशों के बाद नोएडा में 57 बिल्डर प्रोजेक्ट्स में से 45 ने सहमति दी है। 22 बिल्डरों ने पहले ही 25 प्रतिशत धनराशि, यानी 180.77 करोड़ रुपये जमा करा दिए हैं। इन उपायों के फलस्वरूप, अब तक 800 से अधिक फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री हो चुकी है। यह कदम नोएडा के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है। एनसीएलटी

### प्रदेश में 2 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

# वैभव कृष्ण को सौंपी आजमगढ़ की जिम्मेदारी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में सोमवार की सुबह दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया।

आजमगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक अखिलेश कुमार को पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ ईओडब्लू के पद पर तैनाती मिली है। इसी तरह पुलिस उपमहानिरीक्षक लखनऊ वैभव कृष्णा को पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ बनाया गया है। इन दोनों अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश दिए गए हैं।



आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने शनिवार को प्रदेश सरकार ने 16 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही तीन आईएएस अधिकारियों का भी तबादला हुआ है। करीब दो साल से तैनात लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिराडकर और प्रयागराज के कमिश्नर रमित शर्मा समेत कुल 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें एडीजी और आईजी स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ जोन के एडीजी अमरेन्द्र सेंगर को शिराडकर के स्थान पर पुलिस कमिश्नर और शिराडकर को सेंगर के स्थान पर एडीजी लखनऊ जोन बनाया गया है। इसी तरह लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।

# प्रयागराज में टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, परिवार के पांच लोगों की मौत

**प्रयागराज( एजेंसी )।** प्रयागराज जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


जानकारी के अनुसार, हादसा सरायममरेज थाना इलाके के सोरो पेट्रोल पंप के पास हुआ। एक टैंकर ने बाइक को रौंद डाला। हादसे में बाइक सवार पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा सोमवार सुबह करीब छह बजे हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतक एक ही परिवार के हैं। जिसमें दो बेटों समेत मां भी शामिल है। सरायममरेज थाना इलाके के सोरो पेट्रोल पंप के पास आज सुबह करीब छह बजे टैंकर ने बाइक में जोरदार टक्कर मारी। बाइक पर आठ माह की बच्ची समेत पांच लोग सवार थे। टक्कर इतनी जोरदार थी की छिटककर सभी दूर जा गिरे और मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में विकास (25) पुत्र बल्ली, सुम्मरी (60) पत्नी देवकी, जनता (34) पत्नी नमकीन, दीवाना (7) पुत्र नमकीन, लक्ष्मी (8 माह) पुत्री नमकीन की मौत हो गई। यह सभी जौनपुर जनपद के थाना मीरगंज क्षेत्र के चौकी खुर्द इलाके के रहने वाले थे। किसी शादी में शिरकत करने के बाद घर लौट रहे थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने टैंकर को कब्जे में लेने के बाद चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना पाकर मृतकों के परिजन भी पहुंच गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# वृद्ध का साइन चैक चोरी कर लाखों की हेराफेरी की कोशिश

**ग्रेटर नोएडा ।** थाना बीटा-2 में एक वृद्ध व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ चैक चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। वृद्ध का आरोप है कि उसके परीचित ने उनके द्वारा साइन किए गए ब्लैंक चेक को चोरी कर लिया और उसमें 50 लाख रुपए की धनराशि अंकित कर दी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर सिग्मा 4 में रहने वाले राम प्रकाश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 74 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति हैं। 26 फरवरी 2024 को उनके इंडस बैंक से मैसेज आया कि उनके खाते में 50 लाख रुपए के भुगतान के लिए एक चेक आया है। पर्याप्त राशि एकाउंट में न होने के कारण उक्त चेक बाउंस हो गया। इसके बाद उन्होंने बैंक जाकर चैक के बारे में जानकारी की तो पता चला कि उक्त चैक राजेंद्र कुमार अग्रवाल के नाम भरकर भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया था। उन्होंने बताया कि वह राजेंद्र कुमार अग्रवाल नाम के किसी भी व्यक्ति को नहीं जानते हैं।



राम प्रकाश के मुताबिक गाजियाबाद में रहने वाले सूबेदीन से उनके घनिष्ठ संबंध रहे थे और वह अक्सर उसके घर व कार्यालय पर आता जाता रहता था। सूबेदीन को पता था कि उन्होंने अपनी कुछ जमीन बेची है जिसका पैसा उसके पास आया हुआ है।

राम प्रकाश ने अंदेशा जताया है कि उक्त चेक सूबेदीन द्वारा चुराकर राजेंद्र कुमार अग्रवाल नाम के व्यक्ति को दिया गया है। उन्होंने जब भी इस संबंध में सूबेदीन से बात की तो उसने कहा कि उसे 50 लाख रुपए देने पड़ेंगे पैसे देने से इनकार करने पर सूबेदीन ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक सूबेदीन व राजेंद्र कुमार अग्रवाल उसे पैसे देने को लेकर लगातार ब्लैकमेल कर रहे हैं।

उन्होंने आशंका जताई कि सूबेदीन द्वारा उनके अन्य चेक भी चोरी किए गए हैं। इसलिए उन्होंने अपने बैंक के चेक पर स्टॉप पेमेंट करा दी है। न्यायालय के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो किशोरियों का अपहरण

## बाप के डांटने पर बच्चा घर से भागा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो किशोरियों को युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। किशोरियों के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा कराया है। वहीं पिता की डांट के बाद एक (10 वर्षीय) बच्चा गुस्सा होकर अपने घर से चला गया।

थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि बीते 15 जून की दोपहर को उनकी (15 वर्षीय) बेटी घर से बिना बताए चली गई। उन्होंने जब उसकी खोजबीन की तो पता चला कि उनकी बेटी को विशाल सिंह पुत्र कृष्ण बहादुर सिंह अपने साथ ले गया है।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के ग्राम डेरिंग में रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने गाजीपुर में बताया कि 21 जून को उनकी (16 वर्षीय) भतीजी को मोनू नामक युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।



वहीं थाना फेस-1 क्षेत्र के हरौला गांव में रहने वाले मोहम्मद आरिफ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने बीते 7 जून की शाम को किसी बात पर अपने (10 वर्षीय) बेटे को डांट दिया था। इसके बाद उनका बेटा घर छोड़कर चला गया। उन्होंने बेटे की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# रिसर्चर ऑफिसर की कार से सामान चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में एक निजी कंपनी में कार्यरत रिसर्चर ऑफिसर की कार से चोरों ने लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, फोन चार्जर व अन्य सामान चोरी कर लिया। रिसर्चर ऑफिसर मार्केट में अपनी गाड़ी खड़ी कर खाना खाने के लिए गए थे।

लोहुम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में रिसर्चर ऑफिसर के पद पर कार्यरत श्रीनाथ रान्या ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह 22 जून की शाम को खाना खाने के लिए यथार्थ मार्केट में आया था। उसने अपनी कार यमुना प्राधिकरण कार्यालय के पास खड़ी कर दी और खाना खाने के लिए चला गया। कुछ देर बाद जब वह खाना खाकर लौटा तो उसकी कार में रखा लैपटॉप लैपटॉप चार्जर फोन चार्ज पर्स व अन्य जरूरी दस्तावेज गायब थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस में मामला दर्ज कर लिया है।

# भाजपा नेता मान सिंह गोस्वामी को मिली धमकी



**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** वार्ड-10 की पार्षद रेखा गोस्वामी के पति व भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी को अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी दी गई हैं जिसकी शिकायत थाना शालीमार गार्डन में दी गई हैं।

पार्षद रेखा रेखा गोस्वामी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि है कि उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल करके गाली गलौच की और उनके पति मानसिंह गोस्वामी तथा बेटे को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। इस धमकी के बाद भाजपा नेता मान सिंह गोस्वामी शालीमार गार्डन थाना पहुंचे और शिकायती पत्र दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# सुनार को गोली मारकर था लूटा, पुलिस ने किया लंगड़ा

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** थाना क्षेत्र नंदग्राम में सुनार को गोली मारकर लूट करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश प्रशांत, पवन भाटी व लाखन को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटरसाइकिलों से 4 बदमाश नंदी पार्क की तरफ आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर हिंडन कट पर चेकिंग की गई थोड़ी देर में दो मोटरसाइकिलों पर 4 व्यक्ति हिंडन मेट्रो स्टेशन की ओर से आते दिखाई दिए जिनकी घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो मोटर साइकिल स्वार व्यक्ति नहीं रुकें और तेजी से नंदी पार्क की ओर बढ़े।





पुलिस द्वारा पीछा कर घेराबंदी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किये गये। पुलिस ने भी जवाबी गोली चलाई तो दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो कर जमीन पर नीचे गिर गए। पुलिस टीम ने मौके पर ही 03 बदमाशों को नंदी पार्क के पास गिरफ्तार कर लिया गया। एक बदमाश मोटर साईकिल से भागने में कामयाब रहा।

गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 2 अवैध तमंचा 315 बोर के मय 2 अदद जिंदा व 2 अदद खोखा कारतूस 315 बोर तथा सुनार दीपक वर्मा को गोली मारकर हुई लूट के चांदी के आभूषण व अभियुक्तों के हिस्से में आये पैसों में से 15500/- व चोरी की मोटर साइकिल अपाचे बरामद हुई है।

